# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026




छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

# डबल इंजन की सरकार में विकास सुपरफास्ट

- रावघाट- जगदलपुर रेल परियोजना के साथ रेल नेटवर्क मैप से जुड़ रहा बस्तर
- पीएम जनमन योजना के साथ जनजाति समुदाय का हो रहा विकास
- दक्षिण छत्तीसगढ़ में बोधघाट परियोजना बनेगी हरियाली और समृद्धि का वरदान
- महतारी वंदन से महिलाओं को संबल
- किसानों को बकाया बोनस, पीएम किसान सम्मान निधि का भी लाभ
- 26 लाख से अधिक परिवारों को अपना पक्का आवास
- जगदलपुर-विशाखापट्टनम और रायपुर-विशाखापट्टनम नई सड़क परियोजनाओं से विकास की नई राहें
- स्पष्ट नीति और मजबूत निर्णयों के साथ सुशासन का राज





श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

सुशासन से समृद्धि की ओर

ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

आनंद का सच्चा भाव*
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹113802/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹138990/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹151721/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026

**टी-20 वर्ल्ड कप**

## बड़ा उलटफेर, जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को रौंदा

जिम्बाब्वे-169 रन | ऑस्ट्रेलिया-146 रन



*कोलंबो। टी20 विश्वकप 2026 का पहला बड़ा उलटफेर हो चुका है। जिम्बाब्वे ने इस संस्करण के 19वें मुकाबले में 2021 की टी20 विश्वकप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हरा दिया है। यह मुकाबला कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेला गया। जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में दो विकेट गंवाकर 169 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पूरी पारी 19.3 ओवर में 146 रन पर सिमट गई। यह जिम्बाब्वे टीम की ऑस्ट्रेलिया पर टी20 में दूसरी जीत है। इससे पहले जिम्बाब्वे ने 2007 टी20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया था।* शेष पेज 7 पर

### अब तक चार बार आमना-सामना

*दोनों के बीच अब तक चार बार आमना-सामना हुआ है। इसमें से दो बार ऑस्ट्रेलियाई टीम और दो बार जिम्बाब्वे की टीम जीती है। सिकंदर रजा की टीम का टी20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड है।*

**इस माह समाप्त हो रहा है बिलासपुर कुलपति का कार्यकाल**

# बिलासपुर कुलपति के लिए 64 आवेदन, सर्च कमेटी ने भेजे तीन नाम, इसके साथ कतार में रायगढ़ व पत्रकारिता विश्वविद्यालय भी

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अटल बिहारी वाजपेयी विवि बिलासपुर को नए सत्र के पहले नया कुलपति मिल जाएगा। बिलासपुर विवि के लिए कुलपति चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अटल बिहारी विवि के वर्तमान कुलपति प्रो.एडीएन वाजपेयी का कार्यकाल इस माह समाप्त हो रहा है। कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने के पर्याप्त समय पहले ही यहां आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई थी। दिसंबर अंत तक आवेदन मांगे गए थे। सूत्रों के अनुसार, 64 आवेदन बिलासपुर विवि के प्राप्त हुए थे। इनमें कुलपति बनने की योग्यता रखने वाले राज्य के प्राध्यापकों के साथ-साथ दूसरे राज्यों से भी आवेदन प्राप्त हुए हैं।

9 फरवरी को सर्च कमेटी की बैठक आयोजित की गई। सूत्रों के अनुसार, कुलपति पद के लिए तीन नामों का पैनल तैयार कर राजभवन भेजा गया है। चयनित उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। गौरतलब है कि अटल बिहारी वाजपेयी विवि को अब शेष पेज 7 पर

## 29 दिसंबर तक मांगे गए थे आवेदन, दावेदारों में बाहरी भी

### पत्रकारिता विवि को एक वर्ष से इंतजार

आवेदन प्रक्रिया समय रहते प्रारंभ हो जाने के कारण बिलासपुर विवि में कुलपति का पद अधिक समय के लिए रिक्त नहीं रहेगा। लेकिन पत्रकारिता विवि में कुलपति का इंतजार पिछले एक वर्ष से हो रहा है। पूर्व कुलपति प्रो.बलदेव भाई शर्मा का कार्यकाल मार्च में समाप्त हो गया था। इसके बाद से प्रभारी कुलपति के भरोसे यहां काम हो रहा है। कुलपति के लिए विज्ञापन जारी कर उसे रद्द किया गया था। नियमों में संशोधन कर पुनः आवेदन मांगे गए। शेष पेज 7 पर



### अगस्त में विज्ञापन, अब तक नियुक्ति नहीं

नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ में भी कुलपति का पद रिक्त है। यहां बीते वर्ष अगस्त माह में आवेदन मांगे गए थे। आवेदन समाप्त हुए कई माह बीत जाने के बाद भी यहां राजभवन कुलपति की नियुक्ति नहीं कर सका है। परीक्षा सहित अन्य आवश्यक कार्यों को छोड़कर विकास संबंधित कार्य यहां भी बाधित हैं। यहां कुलसचिव का पद भी पांच माह से खाली था, जिस पर बीते दिनों तरूण दीवान की नियुक्ति की गई है।

## खबर संक्षेप

### ईडी ने कुर्क की 100 करोड़ की संपत्तियां

**नई दिल्ली।** ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने पश्चिम बंगाल में कथित अवैध खनन और कोयला चोरी के मामले में धनशोधन की जांच के तहत 100 करोड़ रुपए की नयी संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी का दावा है कि इस मामले में स्थानीय प्रशासन ने सक्रिय रूप से सहयोग किया था। इस मामले में हालिया तलाशी जनवरी में कई परिसर में ली गई थी, जिनमें कोलकाता स्थित राजनीतिक परामर्श कंपनी 'आई-पैक' और उसके एक निदेशक प्रतीक जैन से जुड़े परिसर भी शामिल थे।

### एयर इंडिया पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना

**मुंबई/नई दिल्ली।** विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने पिछले साल कम से कम आठ मार्गों पर आवश्यक उड़ान योग्यता प्रमाणपत्र के बिना एयरबस ए320 नियो विमान का संचालन करने के लिए टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने पिछले साल दो दिसंबर को कहा था कि वह एयर इंडिया द्वारा बिना वैध प्रमाणपत्र के विमान उड़ाने की घटना की जांच कर रहा है। नियामक ने नियम के उल्लंघन के लिए एयर इंडिया पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है।

**'सेवा तीर्थ' से ही चलेगी देश की सरकार, ध्येय वाक्य-नागरिक देवो भव:**

# 'सेवा तीर्थ' में पीएम मोदी की पहली सेवा हाईवे में घायल को इलाज के लिए डेढ़ लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सेवा तीर्थ परिसर का उद्घाटन किया। यहां प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय स्थित होंगे। पीएम मोदी ने सेवा तीर्थ से पहला फैसला महिलाओं, किसानों, युवाओं और कमजोर तबके के कल्याण के लिए किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने प्रत्येक नागरिक को जीवन रक्षक सुरक्षा प्रदान करने दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज वाली फाइल पर दस्तखत किए।

यह बदलाव 13 फरवरी को हुआ, जब 1931 में नई दिल्ली को भारत की आधुनिक राजधानी के रूप में औपचारिक रूप से उद्घाटन किए जाने के 95 वर्ष पूरे हो रहे हैं। शुक्रवार को प्रधानमंत्री केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल और जितेंद्र सिंह तथा पीएमओ के शीर्ष अधिकारियों के साथ सेवा तीर्थ परिसर पहुंचे। इस परिसर का उद्घाटन किया जिसमें पीएमओ, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय स्थित होंगे।

- 80 साल बाद प्रधानमंत्री कार्यालय का पता शुक्रवार से बदल गया

मोदी ने पीएमओ में भगवान गणेश की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और महिलाओं, किसानों, युवाओं और कमजोर तबके के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिये। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह और प्रधान सचिव पी के मिश्रा एवं शक्तिकांत दास समेत शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी में, शेष पेज 7 पर



### एकसाथ आ जाएंगे कार्यालय

*पीएम मोदी ने नए परिसर में सेवा तीर्थ की पट्टिका का अनावरण किया। यह नाम देवनागरी लिपि में परिसर की दीवार पर अंकित है। इसके नीचे 'नागरिक देवो भव' का आदर्श वाक्य लिखा है। इसमें कैबिनेट सचिवालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के वे कार्यालय एक साथ आ जाएंगे।*



### परिवर्तनकारी मील का पत्थर : तोखन



केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि 'सेवा तीर्थ' भारत के प्रशासनिक शासन ढांचे में एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं प्रेरणादायी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल एक आधुनिक, कुशल, सुलभ और नागरिक-केंद्रित शासन पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें संस्थागत क्षमता को मजबूत करती हैं और उत्तरदायी एवं जन-उन्मुख शासन की अवधारणा को सुदृढ़ करती हैं, जो विकसित भारत के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है। श्री साहू ने उल्लेख किया कि साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक की इमारतें औपनिवेशिक काल में शाही सत्ता के प्रतीक के रूप में निर्मित की शेष पेज 7 पर

### पहले दिन 4 फैसले

- **पीएम राहत योजना** : 'पीएम राहत योजना' के तहत, दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज मिलेगा।
- **6 करोड़ लखपति दीदी:** प्रधानमंत्री ने अब मार्च 2029 तक छह करोड़ लखपति दीदियों का एक नया, महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इससे महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने मार्च 2027 की समयसीमा से एक साल से भी अधिक पहले तीन करोड़ लखपति दीदियों का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है।
- **एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड** : किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी के रूप में, कृषि अवसंरचना निधि को दोगुना करके दो लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है।
- **'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0'** : पीएम मोदी मोदी ने 10,000 करोड़ रुपए के फंड के साथ 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को भी मंजूरी दी।

**केंदई फाल के समीप हादसा**

# ओवरटेक के चक्कर में भिड़ंत कार सवार दो की मौत, दो गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

एक तेज रफ्तार अल्टो कार में सवार चार लोग मेहमानी से वापस अपने घर लौट रहे थे कि तेज रफ्तार कार ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रही दूसरी वाहन से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और इस सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन चालक की खोजबीन शुरू की जा रही है।

### हाईवे में लगातार हो रहे हादसे

*कटघोरा-अंबिकापुर मुख्यमार्ग का निर्माण जब से हुआ है तब से रोड चकाचक होने की वजह से इस मार्ग में गुजरने वाले लोग अपने वाहनों से हवा से बात करते हैं और जरा सी चूक होते ही भीषण हादसे होते हैं। इस मार्ग में बीचो-बीच डिवाइडर नहीं है जिसकी वजह से ओवरटेक करने के चक्कर में ही हादसे होते हैं और लोगों की मौतें होती हैं। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा इस मार्ग में हो रहे हादसों को रोकने के लिए कई बार तरह-तरह के उपाय किये जा चुके हैं लेकिन सारे उपाय फेल हो रहे हैं। बताया जाता है कि जब तक इस मार्ग में डिवाइडर नहीं बन जाते तब तक ऐसे हादसे होते रहेंगे और लोग काल कवलित होते रहेंगे।*

**सीबीएसई की कार्यशाला**

## 12वीं रिजल्ट के बाद अंकों के सत्यापन की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** इस वर्ष से सीबीएसई के 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अंकों के सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि बोर्ड पूरी तरह से डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली अपना रहा है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शेष पेज 7 पर

### प्राप्तांकों का करवाते थे सत्यापन

परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, पुरानी प्रणाली में, छात्र प्राप्तांकों में विसंगतियों की जांच के लिए सत्यापन करवाते थे। डिजिटल मूल्यांकन की नयी योजना में, ऐसी विसंगतियों को शुरुआत में ही दूर कर दिया जाएगा।




# बदबू से परेशान ग्रामीण दंतेश्वरी मक्का प्लांट में घुसे, कई वाहनों में तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कोण्डागांव में गुरूवार की देर रात उस समय हालात बिगड़ गए, जब आक्रोशित ग्रामीण मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण प्लांट में घुस गए और परिसर में मौजूद वाहनों में जमकर तोड़फोड़ कर डाली। घटना से पूरे क्षेत्र में तनाव फैल गया है और प्रशासन को तुरंत मोर्चा संभालना पड़ा। जानकारी के अनुसार देर रात ग्राम कोकोड़ी के ग्रामीण बड़ी संख्या में प्लांट परिसर में पहुंच गए। गुस्साए ग्रामीणों ने वहां खड़ी कार, ट्रैक्टर और कई अन्य वाहनों को क्षतिग्रस्त शेष पेज 7 पर





### तनाव के बीच भारी सुरक्षा तैनात

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है। पुलिस लगातार गश्त कर रही है और इलाके की निगरानी बढ़ा दी गई है।

### घटना के कारणों की जांच जारी

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि आक्रोशित ग्रामीणों का मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण प्लांट में घुस कर तोड़फोड़ का कारण क्या था, इसे लेकर अभी प्रशासन जांच कर रहा है।

**शेयर बाजार में हाहाकार**

# एक झटके में सात लाख करोड़ स्वाहा!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भारी गिरावट देखने को मिली। कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 1,048.16 अंक या 1.25% गिरकर 82,626.76 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 336.10 अंक या 1.30% टूटकर 25,471.10 के स्तर पर आ गया। इस गिरावट के चलते निवेशकों की करीब 7 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति एक ही दिन में स्वाहा हो गई।

सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 में से 28 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। हिंदुस्तान यूनिलीवर, इटर्नल, टाइटन, टाटा स्टील, अदाणी शेष पेज 7 पर



### क्यों गिरा शेयर बाजार?

इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह आईटी सेक्टर में जारी तेज बिकवाली रही। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव को लेकर चिंता ने आईटी कंपनियों के बिजनेस मॉडल पर सवाल खड़े किए हैं। निफ्टी आईटी इंडेक्स इस सप्ताह 9% टूट चुका है, जो अप्रैल 2025 के बाद इसकी सबसे बड़ी वीकली गिरावट है।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

*जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, आगामी अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़ों से पहले कमजोर वैश्विक संकेतों और कृत्रिम मेधा से जुड़ी आशंकाओं के कारण निवेशकों का रुख सतर्क रहा। एआई से भारतीय आईटी कंपनियों के कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका के चलते भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा से उपजी सकारात्मक धारणा अब लुप्त हो चुकी है।*



*नई दिल्ली।* भारतीय सेना ने अग्निवीर भर्ती 2026 की अधिसूचना जारी कर दी है, जिसमें जनरल ड्यूटी (जीडी), टेक्निकल, क्लर्क/स्टोरकीपर टेक्निकल, ट्रेड्समैन, सिपाही फार्मा, सैनिक टेक्निकल नर्सिंग असिस्टेंट और महिला मिलिट्री पुलिस जैसी विभिन्न श्रेणियों में 25,000 पदों पर भर्ती की जानी है। इन रिक्तियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया आज, 13 फरवरी से शुरू हो गई है और 1 अप्रैल, 2026 तक जारी रहेगी। इच्छुक उम्मीदवार भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट joinindianarmy.nic.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

इंडियन आर्मी अग्निवीर भर्ती का इंतजार हुआ खत्म, आवेदन प्रक्रिया हुई शुरू

# अग्निवीरों को तोहफा : आयु सीमा में एक साल की हुई बढ़ोतरी, भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

**आठवीं से स्नातक योग्यता वाले करें आवेदन**

ये रिक्तियां पद के अनुसार आठवीं से बारहवीं पास और स्नातक तक की योग्यता वाले उम्मीदवारों के लिए हैं। पिछले वर्षों की तुलना में आयु सीमा बढ़ा दी गई है, ऊपरी आयु सीमा में एक वर्ष की छूट दी गई है। अब 17.5 से 22 वर्ष की आयु के उम्मीदवार अग्निवीर जीडी, तकनीकी, क्लर्क/स्टोर कीपर और ट्रेड्समैन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**सभी वर्गों के उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस अनिवार्य**

इंडियन आर्मी अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन करने वाले सभी वर्गों के उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन शुल्क सभी कैटेगरी के उम्मीदवारों के लिए 250 रुपये निर्धारित की गई है।



**तीन चरणों में होगी पूरी भर्ती प्रक्रिया**

इंडियन आर्मी अग्निवीर भर्ती की चयन प्रक्रिया में तीन चरण होते हैं- कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी), भर्ती रैली और दस्तावेज सत्यापन। ऑनलाइन परीक्षा में सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान, गणित, लॉजिकल रीजनिंग, फिजिक्स, केमिस्ट्री, कंप्यूटर साइंस और सामान्य अंग्रेजी जैसे विषय शामिल होते हैं, जो पद के अनुसार भिन्न होते हैं।

**सिपाही फार्मा व टेक्निकल के लिए भी बढ़ी आयु :** वहीं सिपाही टेक्निकल (एनए/एनए वेटरन) के लिए आयु सीमा 17.5 से 23 वर्ष है, जबकि सिपाही फार्मा के लिए यह 19 से 25 वर्ष है। यह छूट अधिकतम आयु सीमा बढ़ाने की व्यापक मांग के बाद दी गई है, और हालांकि सभी श्रेणियों के लिए इसे बढ़ाकर 23 वर्ष करने का अनुरोध था, सरकार ने अधिकांश पदों के लिए आंशिक रूप से एक वर्ष की वृद्धि प्रदान की है।

**विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग मापदंड**

ग्रुप डिस्कशन (जीडी) पदों के लिए प्रश्नपत्र में 50 प्रश्न 100 अंकों के होते हैं, जबकि तकनीकी और क्लर्क/स्टोरकीपर पदों के लिए 50 प्रश्न 200 अंकों के होते हैं और विषय भिन्न होते हैं। सीबीटी उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवार भर्ती रैली में शामिल होते हैं, जिसमें 1.6 किमी दौड़, पुल-अप्स, 9 फीट की खाई, जिग-जैग संतुलन, शारीरिक माप परीक्षा और चिकित्सा परीक्षा शामिल होती है।

**जेसीओ धार्मिक शिक्षक**

हिन्दू कैंडिडेट शास्त्री/आचार्य संस्कृत कर्म कांड विषय में एक साल का डिप्लोमा किया हो। आरटी बुद्धिस्ट के लिए बैचलर डिग्री किसी भी स्ट्रीम में, आरटी मौलवी के लिए मुस्लिम कैंडिडेड किसी भी स्ट्रीम से बैचलर डिग्री, आलिम ऐराबिका, अदीब ए माहिर/उर्दू माहिर उर्दू। इसी तरह आरटी पादरी, आरटी ग्रंथी के लिए भी बैचलर डिग्री और संबंधित विषय की नॉलेज होनी चाहिए।

---

तारिक रहमान के सत्ता में आने के बाद दोनों देशों के बीच जमी बर्फ पिघलने की उम्मीद

# बांग्लादेश में बीएनपी की ऐतिहासिक जीत, भारत से रिश्तों में बदलाव के संकेत, मोदी ने दी बधाई

*बांग्लादेश के आम चुनाव में तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीएनपी ने 300 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है और सरकार बनाने जा रही है। तारिक रहमान अब देश के अगले प्रधानमंत्री होंगे। भारत के पीएम मोदी ने गुरुवार 12 फरवरी को हुए चुनाव में बीएनपी की जीत पर तारिक रहमान को बधाई दी थी।*

एजेंसी ▶▶ ढाका

बीएनपी के चुनाव मामलों के समन्वय समिति प्रमुख नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि हम पार्टी की ओर से पीएम मोदी को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि तारिक रहमान के नेतृत्व में भारत और बांग्लादेश के रिश्ते और मजबूत होंगे। पीएम मोदी का यह बधाई संदेश दोनों देशों के संबंधों में संभावित बदलाव का संकेत माना जा रहा है। अब बीएनपी के सत्ता में आने के बाद दोनों देशों के बीच जमी बर्फ पिघलने की उम्मीद है। बीएनपी नेता ने भी साफ किया है कि वे दोनों देशों के रिश्ते मजबूत करना चाहते हैं। गौरतलब है कि शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद से ही भारत बीएनपी के संपर्क में था। दिसंबर में खालिदा जिया के निधन पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ढाका गए थे। जयशंकर ने उस दौरान तारिक रहमान से मुलाकात कर पीएम मोदी का शोक संदेश दिया था।

**तारिक ने विदेश नीति को लेकर दिए संकेत**

चुनाव से पहले बीएनपी द्वारा जारी एक दस्तावेज के मुताबिक, बीएनपी किसी दूसरे देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगी और न ही कोई सुरक्षा खतरा पैदा करेगी। हालांकि, कोई देश बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करेगा या किसी तरह का खतरा पैदा करेगा तो कड़ा प्रतिरोध किया जाएगा। दस्तावेज में कहा गया है, विदेशी संबंधों में बांग्लादेश के राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। बीएनपी मुस्लिम उम्मत और पड़ोसी देशों के साथ विशेष संबंध स्थापित करेगी।



**खालिदा के समय कैसे थे भारत-बांग्लादेश संबंध?**

*तारिक से पहले बीएनपी का नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया करती थीं। उन्होंने 3 बार शासन किया। आमतौर पर भारत उनके शासन को कम भरोसेमंद और सहयोगात्मक मानता था। उनके कार्यकाल में संबंधों में हल्का तनाव और रणनीतिक सहयोग सीमित रहा। बीएनपी के बयानों में अक्सर भारतीय पहलों को वर्चस्ववादी और असमान बताया जाता था, पारगमन व्यवस्थाओं का विरोध किया जाता था और अनसुलझे विवादों को उजागर किया जाता था।*

**जिया विद्रोही समूहों को देती रहीं समर्थन**

जिया के शासनकाल में ढाका ने कथित तौर पर यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम, नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड और अन्य विद्रोही समूहों को शरण, प्रशिक्षण और रसद सहायता प्रदान की। एक विश्लेषण के मुताबिक, इन समूहों ने भारत में हमले शुरू करने के लिए बांग्लादेशी क्षेत्र का इस्तेमाल किया। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि जिया ने पूर्वोत्तर में इन विद्रोही समूहों और अलगाववादी आंदोलनों को 'स्वतंत्रता सेनानी' कहा था।

**हसीना को शरण बन सकता है परेशानी**

फिलहाल हसीना ने भारत में शरण ले रखी है। भारत के लिए ये मुद्दा परेशानी का कारण बन सकता है। बीएनपी नेताओं ने कहा है कि भारत में उनकी उपस्थिति द्विपक्षीय संबंधों को नुकसान पहुंचा सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, तारिक का कहना है कि अगर भारत किसी तानाशाह को शरण देता है, तो उसे बांग्लादेशियों के गुस्से का सामना करना पड़ेगा।

**17 साल का निर्वासन खत्म कर लौटे तारिक**

यह तारिक रहमान के लिए पहला चुनाव था। इसी साल उनकी मां और पार्टी की संस्थापक खालिदा जिया के निधन के बाद उन्हें बीएनपी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इससे पहले वे कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पार्टी का नेतृत्व संभाल रहे थे। तारिक हाल ही में 17 साल लंबा निर्वासन खत्म कर लंदन से स्वदेश लौटे हैं। उनकी वापसी और पार्टी की जीत ने बांग्लादेश की राजनीति में नया अध्याय लिखा है।

---

गृहमंत्री ने सरकार की उपलब्धियों एवं आगामी रणनीतियों की जानकारी की साझा

# धर्मांतरण पर सख्ती, 23 बरस में जितने मामले दर्ज हुए, उतने दो साल में ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने गृह एवं जेल विभाग की उपलब्धियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया, सरकार बनने के साथ ही हम एक नई सोच को लेकर कार्य कर रहे हैं। राज्य की क्षमता में विस्तार के लिए नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन अन्तर्गत आईसीजेएस के तहत पांचो स्तंभों पुलिस, अभियोजन, फारेंसिक, जेल एवं न्यायालय को एकीकृत करने की प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ राज्य अग्रणी है। दुर्ग एवं बिलासपुर जिले पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर पांचो पिलर्स को एकीकृत कर एक मॉडल जिले के रूप में उभर कर सामने आए हैं। पहले पुलिस को साक्ष्यों को लेकर कई बार समास्याओं का सामना करना पड़ता था, अब ई- साक्ष्य के आने से तुरंत साक्ष्य उपलब्ध हो रहे हैं। इससे पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने धर्मांतरण के मुद्दे पर कहा कि इसे रोकने के लिए सरकार कई कदम उठा रही है। श्री शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, पुलिस कार्यों के आधुनिकीकरण के लिए सीसीटीएनएस द्वारा मेडलीपार, ई- साक्ष्य, ई - सम्मन, ऑनलाइन एफआईआर, ई- साइन, ई- कोर्ट, ई- श्रुति द्वारा कार्यों को त्वरित और आसान बनाया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को न्याय प्राप्ति में आसानी होगी। पुलिस कर्मियों के लिए अब तक किसी प्रकार की बीमा की व्यवस्था नहीं थी, सरकार द्वारा आठ बैंकों के साथ एमओयू कर बिना किसी प्रीमियम के सैलरी अकाउंट पर बीमा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

■ गृहमंत्री विजय शर्मा ने पत्रकारों से की चर्चा



**धर्मांतरण के मामलों पर विशेष ध्यान**

श्री शर्मा ने बताया, धर्मांतरण के मामलों पर सरकार विशेष ध्यान देते हुए इन्हें रोकने के लिए संलग्न लोगों पर कार्रवाई कर रही है सरकार बनने के 23 वर्षों में जितने मामले दर्ज हुए थे उससे दोगुने मामले पिछले 2 वर्षों में दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया, प्रदेश में गौवंश वध, परिवहन एवं व्यापार की रोकथाम हेतु पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

**बस्तर में शांति के लिए सरकार प्रतिबद्ध**

नक्सलवाद के अंत के संबंध में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्पष्ट किया की शासन बस्तर में शांति के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। सशस्त्र नक्सलवाद के खात्मे के लिए केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा तय की गई 31 मार्च 2026 का दिन निर्धारित है, जिस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार अडिग है।

**नशे के व्यापार पर भी नकेल**

गृह मंत्री श्री शर्मा ने बताया, राज्य में नशे व्यापार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत लगातार कार्य किया जा रहा है। ऑनलाइन फ्रॉड करने वालों पर भी कार्रवाई हो रही है।

**अवैध प्रवासियों पर लगातार कार्रवाई**

अवैध प्रवासियों पर सख्त रुख अपनाते हुए उन्होंने बताया कि राज्य में टोल फ्री नम्बर जारी कर अवैध प्रवासियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए अवैध प्रवासियों की पहचान कर विशेष टास्क फोर्स का गठन द्वारा उनकी गिरफ्तारी एवं विदेशी नागरिक अधिनियम के तहत उन पर कार्रवाई करते हुए 34 लोगों को देश से निष्कासित करने का भी कार्य किया गया है। विचाराधीन लोगों के लिए होल्डिंग सेंटर भी बनाये गए हैं जहां उनकी जांच कर नियमानुसार प्रक्रिया की जा रही है। सरकार द्वारा एंटी टेरीरिस्ट स्क्वाड को भी क्रियाशील करने का कार्य किया है जहां बनने के बाद से अब तक इसमें कोई केस दर्ज नहीं हुआ था वर्ष 2025 में इसके द्वारा पहली बार कार्रवाई की गई थी।

---

255 वोटों से चुनाव हार गए थे कांग्रेस प्रत्याशी

# रामपुकार की याचिका पर चुनाव आयोग को 26 तक का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

कांग्रेस प्रत्याशी रामपुकार सिंह की ओर से पुनर्मतगणना का आवेदन निरस्त करने संबन्धी कलेक्टर के आदेश की मांग हाईकोर्ट के समक्ष की गई है। कोर्ट ने इस संबंध में चुनाव आयोग के वकील को जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए 26 फरवरी को अगली सुनवाई रखी है।

वर्ष 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में पत्थलगांव क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गोमती साय की जीत हुई थी। कांग्रेस प्रत्याशी रामपुकार सिंह ने याचिका दायर कर उनके निर्वाचन को चुनौती दी है। दरअसल रामपुकार 255 वोटों से चुनाव हार गए थे। मामले में 24 जनवरी 2024 को कोर्ट ने गोमती साय सहित 6 प्रत्याशियों को नोटिस जारी किया था। याचिकाकर्ता के वकील ने शुक्रवार को कोर्ट को बताया कि निर्वाचन अधिकारी द्वारा पुनर्मतगणना आदेश निरस्त



करने का आदेश याचिकाकर्ता को नहीं दिया जा रहा, जो कि मामले को आगे बढाने के लिए जरूरी है। इससे याचिका की सुनवाई भी प्रभावित हो रही है। कांग्रेस उम्मीदवार रामपुकार सिंह ने याचिका में कहा है कि, पोस्टल बैलेट का नियमानुसार हिसाब नहीं रखा गया। उनको बड़ी संख्या में मिले वोटों को निरस्त कर दिया गया। वीवीपैट का मिलान भी ईवीएम से नहीं किया गया।

**याचिका में ऐसी दलील**

रामपुकार की याचिका में यह भी बताया गया है कि उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर को रिकाउंटिंग का आवेदन किया था, जिसे निरस्त कर दिया गया। मांगने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरस्तीकरण आदेश की कॉपी भी नहीं दी। याचिका में आरोप है कि चुनाव आयोग के सभी आवश्यक दिशा निर्देशों का उल्लंघन करते हुए याचिकाकर्ता या उसके इलेक्शन एजेंट को बिना जानकारी दिए गोमती साय को निर्वाचित घोषित किया गया है।

---

## पूर्व मंत्री खडसे पत्नी सहित अदालत में हुए पेश



**मुंबई।** पुणे में एक विवादित भूमि सौदे से जुड़े कथित धन शोधन मामले में आरोपी महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे और उनकी पत्नी शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष अदालत के समक्ष पेश हुए, जिसके परिणामस्वरूप अदालत ने उनके खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट को रद्द कर दिया। सांसदों, विधायकों के मामलों के विशेष न्यायाधीश महेश जाधव ने पिछले सप्ताह दंपति के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था क्योंकि वे अदालत में पेश नहीं हुए थे, जहां मामले में आरोप तय करने के लिए उनकी उपस्थिति आवश्यक थी।

---

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव के रिजल्ट देर रात जारी

# रजनीश बने अध्यक्ष, गौतम उपाध्यक्ष और अनिल सचिव पद पर निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर रजनीश सिंह बघेल ने बाजी मारी है। अध्यक्ष पद पर खड़े कुल सात उम्मीदवारों में से उन्हें सबसे अधिक मत मिले। इसी तरह उपाध्यक्ष (पुरुष पद) पर गौतम खेत्रपाल की जीत हुई है। उपाध्यक्ष (महिला पद) पर श्रीमती मांडवी भारद्वाज निर्वाचित हुईं हैं। सचिव पद अनिल त्रिपाठी और सहसचिव (पुरुष पद) पर विजय कुमार साहू जीते हैं। सहसचिव (महिला पद) पर आस्था शुक्ला को जीत मिली है। इसके साथ ही कोषाध्यक्ष पद पर आशापुरन सिंह भाटिया विजयी हुईं हैं।



ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के 2026-2028 के लिए दो वर्षीय कार्यकाल के लिए गुरुवार 12 फरवरी को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ था। चुनाव में अधिवक्ताओं ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाते हुए भारी संख्या में मतदान किया। एसोसिएशन के कुल 1418 पंजीकृत मतदाताओं में से 1213 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह कुल मतदान प्रतिशत 85.54 फीसदी रहा। शुक्रवार 13 फरवरी की सुबह 10 बजे से काउंटिंग शुरू की गई। इसके लिए दिन भर गहमागहमी रही और कई बार उतार चढाव देखने को मिला। देर शाम नतीजे पदवार जारी किए गए। कार्यकारिणी सदस्यों के रिजल्ट सबसे पहले जारी हुए। अध्यक्ष पद की घोषणा सबसे अंत में रात 10 बजे के करीब हुई। बाक्स17 पदों के लिए 61 उम्मीदवार थे मैदान मेंहाईकोर्ट बार एसोसिएशन का यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि हाईकोर्ट में नियमित प्रैक्टिस करने वाले वकीलों ने विशेष रुचि दिखाई है। चुनाव में 17 पदों के लिए कुल 61 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई। सबसे अधिक गहमागहमी अध्यक्ष पद को लेकर देखी गई। इसके लिए सीनियर एडवोकेट राजीव श्रीवास्तव, अरविंद सिन्हा, दिनेश कुमार तिवारी, अब्दुल वहाब खान, शैलेन्द्र कुमार बाजपेयी, हनुमान प्रसाद अग्रवाल और रजनीश सिंह बघेल के बीच मुकाबला था। इसमें अंत में रजनीश सिंह बघेल ने बाजी मारी। बाक्सयह भी हुए निर्वाचितग्रंथालय सचिव के पद पर राहुल कुमार मिश्रा को जीत मिली है। क्रीड़ा और सांस्कृतिक सचिव (पुरुष पद ) पर अमन पांडे और महिला पद पर प्रज्ञा पांडे जीते हैं।

**उपाध्यक्ष पर गौतम की एकतरफा जीत**

उपाध्यक्ष (वरिष्ठ) पद के लिए दीपक कुमार जैन, भरत लाल सोनी, गौतम खेत्रपाल, अरविंद दुबे, महेन्द्र नाथ दुबे और शशिकांत सोनकर चुनाव मैदान में थे। इसमें गौतम खेत्रपाल को 500 से अधिक वोट मिला और उन्होंने एकतरफा जीत दर्ज की। महिला उपाध्यक्ष पद के लिए भी मांडवी भारद्वाज को जीत मिली है। सचिव पद पर अनिल त्रिपाठी को भारी मतों से जीत मिली है।

---

भोपाल में 15 फरवरी को किन्नर अखाड़ा का होगा समागम

# 'किन्नर जिहाद' पर बवाल: 250 ट्रांसजेंडर करेंगे 'घर वापसी', नियुक्त होंगे पहले 'शंकराचार्य'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ट्रांसजेंडर समुदाय को कथित धार्मिक शोषण और धर्मांतरण से बचाने के लिए किन्नर अखाड़े ने एक बड़े कदम का ऐलान किया है। अखाड़े के संस्थापक के अनुसार 15 फरवरी को भोपाल के लालघाटी इलाके में एक भव्य अभिषेक समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें समुदाय के अपने आध्यात्मिक प्रमुखों की घोषणा की जाएगी। भारत के पहले किन्नर अखाड़े के 50 साल के संस्थापक ऋषि अजय दास ने घोषणा की है कि 'किन्नर जिहाद' और समुदाय के भीतर बढ़ रहे धर्मांतरण के खतरों से निपटने के लिए महाशिवरात्रि के दिन किन्नर समुदाय अपने 'शंकराचार्य', 'महामंडलेश्वर' और 'महंत' बनाएगी। चुने गए 'शंकराचार्य' की पहचान कार्यक्रम के दौरान बताई जाएगी। उस दिन भोपाल में करीब 250 ट्रांसजेंडर वापस हिंदू धर्म अपना लेंगे।

**2016 में सिंहस्थ में बनाया था किन्नर अखाड़ा**

ऋषि अजय दास साइंस में पोस्ट-ग्रेजुएट हैं और जिन्होंने 2016 में उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ मेले के दौरान किन्नर अखाड़ा बनाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि किन्नर समुदाय 'इस्लामीकरण' और शोषण का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर्स के रहने की जगहें 'जिहादियों' के लिए सुरक्षित जगह बन गई हैं, क्योंकि आम लोग और पुलिस इन जगहों से बचते हैं।



**हिंदु किन्नरों का किया जा रहा इस्लामीकरण**

इस पहल का हिस्सा किन्नर नेता काजल ठाकुर ने हाल ही में आरोप लगाया था कि हिंदू ट्रांसजेंडर्स को इस्लाम अपनाने के लिए मजबूर किया जा रहा है और समुदाय के कुछ लोगों के पाकिस्तान और बांग्लादेश में टेरर फंडिंग से लिंक हैं। विश्व हिंदू परिषद के सपोर्ट वाले प्रदर्शनकारियों के एक ग्रुप ने भोपाल कलेक्टर को एक ज्ञापन दिया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि एक लोकल ट्रांसजेंडर लीडर 'किन्नर जिहाद' और जबरन धर्म बदलने में शामिल हैं।

**राजस्थान के पुस्कर में बनाई जाएगी पीठ**

समुदाय के अंदर के लोगों के मुताबिक, ग्रुप ने राजस्थान के पुष्कर में एक 'पीठ' (सीट) बनाने का फैसला किया है, जो उनके 'शंकराचार्य' की परमानेंट सीट के तौर पर काम करेगी। पुष्कर को इसलिए चुना गया क्योंकि यहां भगवान ब्रह्मा का एकमात्र मंदिर है।

---

# सोते हुए लोगों पर टूटा हाथियों का कहर, 6 की ले ली जान

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के चुरचू प्रखंड के गोंदवार गांव में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। हाथियों के हमले में 6 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक ही परिवार के चार सदस्य शामिल हैं। घटना रात करीब 1 से 2 बजे के बीच की बताई जा रही है। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक और डर का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार, पांच हाथियों का झुंड अचानक बस्ती में घुस आया। उस समय ज्यादातर लोग गहरी नींद में थे। हाथियों ने कई कच्चे घरों को तोड़ दिया। जान बचाने के लिए जो लोग घरों से बाहर निकले, वे हाथियों की चपेट में आ गए। कुछ ही मिनटों में गांव में अफरा-तफरी



मच गई। गांव के लोगों ने शोर मचाकर और टॉर्च जलाकर हाथियों को भगाने की कोशिश की, लेकिन हाथियों का झुंड काफी देर तक गांव के आसपास बना रहा। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रायपुर

शनिवार 14 फरवरी 2026

फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वादशी
वर्ष : 24, अंक : 205
पृष्ठ : 14+4+4 =22, मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 32.5
न्यून. 18.4

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


# पंच-सरपंच, पार्षद पति नहीं चलेगा, प्रॉक्सी प्रतिनिधि की नियुक्ति पर रोक का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों की निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार-नातेदार अब उनके प्रॉक्सी प्रतिनिधि या लायजन पर्सन के रूप में काम नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इनकी नियुक्ति पर रोक का आदेश जारी किया है। यही नहीं, निकायों से यह ब्योरा भी मांगा गया है कि किस महिला प्रतिनिधि के रिश्तेदार यह काम कर रहे हैं।

### अब बताओ कितने रिश्तेदार हैं प्रतिनिधि

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों को एक प्रोफार्मा भेजकर रिश्तेदारी में बने प्रतिनिधियों का ब्योरा कुछ बिंदुओं के आधार पर मांगा है। जिले और निकाय के नाम के साथ सासंद और विधायक द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि का नाम, यह भी बताना होगा कि नगर निगम, ▶▶| शेष पेज 7 पर

## निकायों को आदेश- बताओ किसके रिश्तेदार बने हैं प्रतिनिधि



### अब जारी हुआ ये आदेश

इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के रिश्तेदारों की प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त पर रोक लगाने का आदेश दिया है। यह आदेश राज्य के सभी नगर निगम आयुक्त, पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को भेजा गया है।

### ये है मामला

राज्य शासन ने यह आदेश दरअसल इसलिए जारी किया है क्योंकि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने प्रदेश के नगरीय निकायों में सांसद, विधायकों द्वारा निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार-नातेदार को प्रॉक्सी प्रतिनिधि या लाजयन पर्सन नियुक्त किए जाने पर भारतीय संविधान का उल्लंघन माना है। यही नहीं आयोग ने इस तरह के मामलों में मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई का उल्लेख भी किया है। नगरपालिक अधिनियम में यह प्रावधान है कि सांसद-विधायकों द्वारा नगरीय निकायों में अपने प्रतिनिधि नियुक्त किए जाते हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का कहना है उनके संज्ञान में यह लाया गया है कि कतिपय निकायों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार-नातेदार को प्रॉक्सी प्रतिनिधि, लायजन पर्सन के रूप में नियुक्त किया जा रहा है।

### 16 साल पहले जारी हुआ था ये आदेश

अब से 16 साल पहले यानि वर्ष 2010 में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में एक आदेश जारी किया था। इस आदेश के निर्वाचित महिला पदाधिकारियों के कामकाज के संचालन के दौरान उनके सगे संबंधियों के हस्तक्षेप को प्रतिबंधित किया गया था। कहा गया था कि निकायों के कामकाज, बैठक आदि में महिला पदाधिकारी के कोई संबंधी रिश्तेदार भाग नहीं लेंगे और न ही हस्तक्षेप दखलंदाजी करेंगे। और न ही किसी विषय पर किसी भी पदाधिकारी, कर्मियों को महिला पदाधिकारी की ओर से निर्णय लेकर सूचित करेंगे। इस तरह के मामलों में कार्रवाई के लिए कहा गया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बार मानवाधिकार आयोग ने इसे संविधान के खिलाफ बताते हुए कार्रवाई के लिए भी कहा है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### बैंक धोखाधड़ी, 200 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को बताया कि उसने धनशोधन मामले की जांच के तहत अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 200 करोड़ रुपए मूल्य के होटल, रिजॉर्ट और भूखंड की कुर्की की है। कुर्क की गईं संपत्तियां अंडमान एवं निकोबार स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में हुए 500 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले से 'प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से' प्राप्त हुई थीं या उसमें जुड़ी हुई थीं। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अंतरिम आदेश जारी होने के बाद कुल 51 अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया है, जिनकी कीमत 200.02 करोड़ रुपए है।

### बजट सत्र का पहला चरण पूरा : लोकसभा-राज्यसभा नौ मार्च तक के लिए स्थगित

# पुरी के इस्तीफे की मांग पर हंगामा, भाजपा ने कहा-संसद को बाधित करने के नए-नए बहाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने एप्स्टीन मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी को जमकर घेरा। संसद के भीतर पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा हुआ। प्रश्नकाल नहीं चल सका। इसके बाद बजट सत्र 9 मार्च तक के लिए स्थगित हो गया। संसद परिसर के भीतर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इधर, भाजपा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी सदन की कार्यवाही ठप करने के लिए 'नए-नए बहाने' तलाशते हैं।

संसद में शुक्रवार को बजट सत्र का पहला चरण संपन्न हो गया तथा लोकसभा एवं राज्यसभा की बैठक को नौ मार्च के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा में आज केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल नहीं चल सका और सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद नौ मार्च सुबह 11 बजे के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे आरंभ हुई तो पीठासीन सभापति संध्या राय ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए और फिर 12 बजकर छह मिनट पर सभा ▶▶| शेष पेज 7 पर

### कांग्रेस ने सरकार से मांगा स्पष्टीकरण

कांग्रेस ने एप्स्टीन मामले में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के स्पष्टीकरण को 'सरासर झूठ' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि पुरी किसकी तरफ से जेफ्री एप्स्टीन से संपर्क में थे। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने इस मंत्री से तत्काल इस्तीफा लेना चाहिए। खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, 'हरदीप सिंह पुरी ने एक साक्षात्कार में कहा कि मेरी एप्स्टीन से ज्यादा बात नहीं हुई।

संसद के बाहर-भीतर एपस्टीन मामले पर घमासान



### 'हरदीप पुरी इस्तीफा दो' के नारे

विपक्षी सांसदों ने एप्स्टीन फाइल से जुड़े मामले में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए संसद परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद भवन के मकर द्वार के निकट एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और 'हरदीप पुरी इस्तीफा दो' के नारे लगाए।

### प्रधान बोले-बहाने गढ़ना कांग्रेस की पहचान

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा के बार-बार बाधित होने का हवाला देते हुए



कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला किया। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को 'बयान बहादुर' करार देते हुए कहा कि गांधी सदन की कार्यवाही ठप करने के लिए 'नये-नये बहाने' तलाशते हैं। प्रधान ने 'एक्स' पर कहा, 'संसद को बाधित करने के लिए हर रोज नया बहाना गढ़ना अब कांग्रेस की कार्यशैली ही नहीं, (बल्कि) उसकी पहचान बन चुकी है। हर सत्र में एक ही स्क्रिप्ट दोहराई जाती है- हंगामा, शोर, झूठ और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सुनियोजित उल्लंघन।

### घटना विधानसभा थाना क्षेत्र की

# साइकिल से भिड़ी बाइक दंपति समेत तीन की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। गुरुवार को एक तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार दंपति को रौंद दिया। बाइक की चपेट में आने से दंपति सहित तीन की मौत हो गई। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका रायपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे की वजह अंधेरा को बताया जा रहा है। एक्सीडेंट में टेकारी निवासी भोजराम विश्वकर्मा तथा उसकी पत्नी प्यारी बाई के साथ ▶▶| शेष पेज 7 पर

### अंधेरा बना हादसे की वजह

जहां एक्सीडेट की घटना हुई है, उस मार्ग में स्ट्रीट लाइट नहीं थी। इसके अलावा बाइक की लाइट भी कमजोर होना बताया जा रहा है, जिसके कारण बाइक चालक को सामने जा रहे साइकिल सवार दंपति नहीं दिखी और हादसा हो गया। मृतक टीवीएस कंपनी की रेसिंग बाइक अपाचे में था। रेसिंग बाइक की रफ्तार सामान्य बाइक से ज्यादा रहती है। अचानक सामने साइकिल सवार को देखने के बाद शुभम हड़बड़ा गया और बाइक की रफ्तार पर कंट्रोल नहीं कर पाया।




## चिंतन

# बांग्लादेश के साथ संतुलन साधने की चुनौती बरकरार

बांग्लादेश की राजनीति में आए ताजा बदलाव ने दक्षिण एशिया के कूटनीतिक समीकरणों को नई दिशा दे दी है। आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की निर्णायक जीत और उसके अध्यक्ष तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने की संभावना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश लगभग दो दशकों बाद सत्ता परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। 2008 से 2024 तक शेख हसीना के नेतृत्व में आवामी लीग की सरकार रही। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि नई सरकार देश की आंतरिक राजनीति और विदेश नीति को किस दिशा में ले जाती है। भारत के लिए यह सत्ता परिवर्तन विशेष महत्व रखता है। पड़ोसी होने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध गहरे हैं। पिछले डेढ़ दशक में सुरक्षा सहयोग, सीमा प्रबंधन, कनेक्टिविटी और व्यापार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। ऐसे में नई दिल्ली की प्राथमिकता यही होगी कि इन उपलब्धियों को संरक्षित रखते हुए नई सरकार के साथ विश्वास का रिश्ता कायम रखा जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तारिक रहमान को दी गई बधाई इस बात का संकेत है कि भारत व्यावहारिक और संतुलित कूटनीति अपनाना चाहता है। हालांकि दोनों देशों के संबंधों को लेकर चुनौतियां भी कम नहीं हैं। बीएनपी का अतीत भारत के प्रति अपेक्षाकृत सख्त रुख से जुड़ा रहा है। इसके अलावा जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले गठबंधन की उपस्थिति भी नई सरकार की नीतियों को प्रभावित कर सकती है। अब बांग्लादेश के संविधान में बड़े बदलावों को जनता ने हरी झंडी दे दी है। बांग्लादेश प्रधानमंत्री की शक्तियों में कटौती करने जा रहा है और राष्ट्रपति की ताकत बढ़ेगी, इसके अलावा इस देश में संसद के ऊपरी सदन का गठन होगा। अब देखना यह भी है कि बांग्लादेश का संविधान किस तरह की नीति को अपनाता है। संविधान में कैसे बदलाव लाए जाते हैं। अगर पाकिस्तान की तरह शरियत को अपनाता है तो यह उन बांग्लादेशी हिंदुओं पर कुठाराघात होगा, जिन्होंने बीएनपी का समर्थन किया और उसके लिए दिन रात एक कर दिया। विशेषकर हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और अधिकारों का प्रश्न भारत के लिए संवेदनशील मुद्दा रहेगा। चीन और पाकिस्तान के साथ बांग्लादेश के संबंधों पर भी नजर रहेगी। यदि नई सरकार बीजिंग की ओर अधिक झुकाव दिखाती है, तो यह भारत के रणनीतिक हितों के लिए चुनौती बन सकता है। वहीं, पाकिस्तान के साथ संबंधों का पुनर्संतुलन भी क्षेत्रीय राजनीति में नई हलचल पैदा कर सकता है। एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू शेख हसीना से जुड़े मुद्दों का है। यदि नई सरकार उनके खिलाफ राजनीतिक या कानूनी कार्रवाई करती है, तो भारत को अपनी प्रतिक्रिया बेहद संतुलित रखनी होगी। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का सम्मान और क्षेत्रीय स्थिरता दोनों के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं होगा। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए बांग्लादेश के साथ बेहतर संपर्क और व्यापारिक सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि 1988 में काजी जफर अहमद के बाद पहली बार कोई पुरुष बांग्लादेश का प्रधानमंत्री बनने जा रहा है। 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में खालिदा जिया और शेख हसीना का दबदबा रहा। अंततः भारत और बांग्लादेश के संबंध किसी एक दल या नेता पर निर्भर नहीं होने चाहिए। बांग्लादेश की नई सरकार के लिए भी यह समझना आवश्यक है कि भारत के साथ सकारात्मक और संतुलित संबंध ही उसके दीर्घकालिक हितों की रक्षा कर सकते हैं।

# भारत-बांग्लादेश संबंध के नवीकरण का वक्त



जनादेश
डॉ. घनश्याम बादल

> 12 फरवरी को हुए चुनावों के नतीजे सामने हैं और बांग्लादेश की जनता ने परिपक्व तरीके से न केवल चुनाव में भारी संख्या में मतदान किया अपितु अपने देश को कट्टरपंथी राजनीतिक विचारधारा के हाथों में जाने से भी बचा लिया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने स्वर्गीय खालिदा जिया और जियाउर रहमान के बेटे 60 वर्षीय तारिक रहमान के नेतृत्व में 299 में से 213 सीट जीतकर वहां लगभग दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया है। भारत के लिए यह क्षण आत्ममंथन का है। पड़ोस-नीति को सुरक्षा-केंद्रित चश्मे से देखने का समय अब खत्म हो रहा है। भारत को बांग्लादेश को "रणनीतिक फ्रंटलाइन" नहीं, बल्कि "समान साझेदार" के रूप में देखना होगा।

बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर के रूप में मोहम्मद यूनुस और कुछ खास कर पाए हों या नहीं, लेकिन एक काम तो उन्होंने कर ही दिया है कि बांग्लादेश को राजनीतिक उहापोह की स्थिति से निकालकर स्पष्ट जनादेश दिलवा दिया है। 12 फरवरी को हुए चुनावों के नतीजे सामने हैं और बांग्लादेश की जनता ने परिपक्व तरीके से न केवल चुनाव में भारी संख्या में मतदान किया अपितु अपने देश को कट्टरपंथी राजनीतिक विचारधारा के हाथों में जाने से भी बचा लिया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने स्वर्गीय खालिदा जिया और जियाउर रहमान के बेटे 60 वर्षीय तारिक रहमान के नेतृत्व में 299 में से 213 सीट जीतकर वहां लगभग दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया है। जबकि उसके प्रतिद्वंद्वी जमात ए इस्लामी को 74 सीट ही मिलीं हैं।

आश्चर्यजनक रूप से छात्र आंदोलन का चेहरा बनकर शेख हसीना को सत्ता से बाहर करने वाले नाहिद इस्लाम की पार्टी एनसीपी को केवल दो सीट ही मिल पाई हैं और इसकी मुख्य वजह यही दिखती है कि उनका जमात ए इस्लामी के साथ गठबंधन का रणनीतिक निर्णय ग़लत रहा। बांग्लादेश का ताज़ा चुनाव कोई सामान्य सत्ता-परिवर्तन नहीं, बल्कि एक पूरे राजनीतिक युग के अंत और नए शक्ति-संतुलन की शुरुआत समझा जाना चाहिए। यह चुनाव केवल संसद की सीटों का गणित नहीं है, बल्कि उस सामाजिक-राजनीतिक बेचैनी की परिणति है, जो वर्षों से सड़कों, विश्वविद्यालयों, श्रमिक बस्तियों और सीमावर्ती इलाकों में सुलग रही थी। इस जनादेश ने साफ संकेत दिया है कि देश अब पुराने ढर्रे की राजनीति से आगे निकलना चाहता है लेकिन यह रास्ता लोकतांत्रिक स्थिरता की ओर जाएगा या नए असंतुलन की ओर, यह अभी भी एक अनुत्तरित ज्वलंत सवाल है।

आंकड़ों की बात करें तो तस्वीर साफ है। संसद में स्पष्ट बहुमत एक ही राजनीतिक धारा के पक्ष में गया है। कुल सीटों का बड़ा हिस्सा एक ही पार्टी बीएनपी के खाते में गया, जबकि विपक्षी ताकतें सीमित, बिखरी हुई और वैचारिक रूप से खंडित दिखाई देती हैं। मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत ऊंचा रहा, जो यह संकेत देता है कि जनता ने चुनाव को महज़ औपचारिकता नहीं माना, बल्कि उसे सत्ता-परिवर्तन का माध्यम समझा। हालांकि यह भी सच है कि अवामी लीग की अनुपस्थिति से चुनावी मुकाबला असंतुलित रहा, लेकिन इसके बावजूद जनमत का संदेश दो-टूक है। पुरानी सत्ता संरचना से मोहभंग और नए विकल्प की तलाश। यह जनादेश मूलतः तीन संदेश देता है। पहला, जनता सत्ता के केंद्रीकरण से ऊब चुकी थी। दूसरा, आर्थिक असमानता, बेरोज़गारी और संस्थागत भ्रष्टाचार के खिलाफ गुस्सा निर्णायक रूप में वोट में बदला। तीसरा, राजनीति में नैरेटिव बदला है, अब सिर्फ 'स्थिरता' नहीं, बल्कि 'न्याय और समान अवसर' की भाषा असर कर रही है। यही कारण है कि यह चुनाव भावनात्मक नहीं, बल्कि संरचनात्मक बदलाव का संकेत देता है। ऐसा नहीं लगता कि तारीक रहमान के नेतृत्व में आने वाली सरकार सहजता से शासन कर पाएगी। शपथ लेने के साथ ही उनकी असली चुनौती शुरू होती है। नया नेतृत्व जितना शक्तिशाली जनादेश लेकर आया है, उतनी ही बड़ी उसकी ज़िम्मेदारी है। लोकतंत्र में बहुमत ताकत नहीं, उत्तरदायित्व होता है। यदि यह सरकार संस्थाओं को मजबूत करती है, विपक्षी आवाज़ों को सम्मान देती है और चुनावी जीत को 'सहमति की राजनीति' में बदलती है, तो बांग्लादेश एक



नई लोकतांत्रिक स्थिरता की ओर बढ़ सकता है लेकिन यदि बहुमत 'वर्चस्व' में बदल गया, या फिर शेख हसीना की सरकार की तरह शक्तियों का केंद्रीकरण किया जाने लगा तो वही चक्र दोहराया जाएगा, जिससे बांग्लादेश बाहर निकला है। बांग्लादेश के राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक मोर्चे की तस्वीर उतनी चमकदार नहीं है, जितनी राजनीतिक मंच से दिखाई जाती है। विकास दर के दावों के बावजूद ज़मीनी सच्चाई बेरोज़गारी, महंगाई, विदेशी मुद्रा दबाव और असमान विकास की है। शहरी केंद्रों में समृद्धि का भ्रम है, लेकिन ग्रामीण और सीमावर्ती इलाकों में आर्थिक हाशियाकरण अब भी गहरा है। नया शासन अगर सिर्फ मैक्रो-इकोनॉमिक आंकड़ों में उलझा रहा और रोजगार-केंद्रित विकास मॉडल नहीं अपनाया, तो सामाजिक असंतोष जल्द ही राजनीतिक संकट में बदल सकता है। रही बात भारत-बांग्लादेश संबंधों की तो पिछले दशक में यह रिश्ता 'रणनीतिक साझेदारी' से 'रणनीतिक निर्भरता' की ओर बढ़ा था। ऊर्जा, ट्रांज़िट, व्यापार, सीमा-सुरक्षा के स्तर पर भारत की भूमिका निर्णायक रही, लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ ही इस रिश्ते की भाषा बदलेगी। हो सकता है कि नया शासन भारत को सहयोगी तो माने, लेकिन एकमात्र रणनीतिक विकल्प नहीं। यह फर्क सूक्ष्म है, पर निर्णायक। भारत अब 'स्वाभाविक साथी' रहेगा, पर 'विशेषाधिकार प्राप्त साझेदार' की उसकी भूमिका बदलती दिखाई दे रही है। यह बदलाव सीधे दक्षिण एशिया की जियो-पॉलिटिक्स को प्रभावित करेगा। बांग्लादेश का झुकाव बहु-ध्रुवीय विदेश नीति की ओर होगा,जहां भारत, चीन, खाड़ी देश, दक्षिण-पूर्व एशिया सभी समानांतर विकल्प होंगे। इसका अर्थ है कि भारत का क्षेत्रीय वर्चस्व नैरेटिव कमजोर हो सकता है और प्रतिस्पर्धात्मक कूटनीति का युग शुरू होने जा रहा है। यह केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि भू-आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी होगी-बंदरगाह, लॉजिस्टिक्स, निवेश और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के स्तर पर। अब बांग्लादेश का जुड़ना इस क्षेत्र को एक ऐसे मोड़ पर ले जाएगा, जहां भारत को नेतृत्व 'स्वाभाविक' नहीं, बल्कि 'अर्जित' करना होगा। यानी सहयोग विश्वास से बनेगा, दबाव से नहीं। भारत के लिए यह क्षण आत्ममंथन का है। पड़ोस-नीति को सुरक्षा-केंद्रित चश्मे से देखने का समय अब खत्म हो रहा है। भारत को बांग्लादेश को "रणनीतिक फ्रंटलाइन" नहीं, बल्कि "समान साझेदार" के रूप में देखना होगा। भारत को अब शेख हसीना के समय में उपजे व्यक्तिवाद के समर्थन की रणनीति के बजाय कूटनीति का लोकतंत्रीकरण कर, आगे बढ़कर संबंधों का नवीकरण करना होगा।

शिक्षा, संस्कृति, युवा, मीडिया और नागरिक संवाद के स्तर पर निवेश बढ़ाना होगा। आर्थिक सहयोग का नया मॉडल,सिर्फ परियोजनाएं नहीं, बल्कि स्थानीय रोजगार-केंद्रित निवेश बनाना होगा और भाषा में संयम लाना पड़ेगा। भारत एवं बांग्लादेश दोनों देशों की सरकारों को समझना होगा कि हर मुद्दे को सुरक्षा समस्या बनाना रिश्तों को खोखला करता है। बहु-पक्षीय मंचों पर सक्रियता बिम्सटेक, क्षेत्रीय व्यापार मंचों और समुद्री सहयोग ढांचों में नेतृत्व संभालना है तो व्यावहारिक बना होगा और नई सरकार को समर्थन देते हुए शेख हसीना के मुद्दे को भी सुलझाना होगा। सच यह है कि भारत यदि बांग्लादेश को "प्रभाव-क्षेत्र" की तरह देखेगा, तो वह उसे धीरे-धीरे खो देगा और यदि उसे "साझा भविष्य" का भागीदार मानेगा, तो यह रिश्ता और गहरा होगा।


इतिहास गवाह है कि जो देश पड़ोस में लोकतंत्र को अवसर मानते हैं, वे स्थिर रहते हैं; जो उसे ख़तरा मानते हैं, वे अस्थिर होते हैं। बांग्लादेश ने अपना रास्ता चुन लिया है। अब भारत की बारी है कि वह अपनी राह चुने और एक-एक कर उसे दूर होते पड़ोसियों को चीन या पाकिस्तान की गोद में बैठने से बचाए।

( लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

मुनीष भाटिया



# शिव दर्शन से सत्ता और न्याय का संतुलन संभव

आज के समय में जब समाज अनेक संकटों से जूझ रहा है, तब शिवजी की यह शिक्षा और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। अगर सामाजिक दृष्टि से देखा जाए, तो शिव का संदेश स्पष्ट है- समानता और समावेशिता। वे सभी वर्गों को समान दृष्टि से देखते हैं, चाहे वे किसी भी पृष्ठभूमि से आते हों। हम आधुनिक समाज में जाति, धर्म, वर्ग और संप्रदाय के नाम पर बंटे हुए हैं। हमारा सामाजिक ढांचा इतनी गहराई तक विभाजित हो चुका है कि हम मनुष्य की वास्तविक पहचान को भूल चुके हैं। शिव हमें यह सिखाते हैं कि किसी व्यक्ति की पहचान उसकी कर्मशीलता, उसकी सोच और उसके आचरण से होती है, न कि उसके जन्म से। अगर हम उनके इस सिद्धांत को आत्मसात करें, तो समाज में व्याप्त असमानता, भेदभाव और वैमनस्य को खत्म किया जा सकता है। इसके अलावा, मानसिक तनाव और अवसाद आज एक वैश्विक समस्या बन चुके हैं। लोग भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में इतने व्यस्त हो गए हैं कि मानसिक शांति खोते जा रहे हैं। शिव का योग और ध्यान से जुड़ा दर्शन यह दर्शाता है कि मानसिक शांति के लिए आंतरिक संतुलन आवश्यक है। वे विलासिता से दूर रहते हैं और सरलता को अपनाने का संदेश देते हैं। शिवजी के जीवन में एक और महत्वपूर्ण पक्ष है-उनकी सादगी। वे एक महान योगी हैं, जो भौतिक सुख-सुविधाओं से दूर रहते हैं। वे कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं, जो ठंड और कठोरता का प्रतीक है। उनके शरीर पर भस्म लगी होती है, जो यह दर्शाती है कि सांसारिक मोह-माया का अंत निश्चित है। वे यह संदेश देते हैं कि जीवन का असली आनंद भौतिक वस्तुओं में नहीं, बल्कि संतोष में है। आधुनिक समय में हम एक उपभोक्तावादी संस्कृति में जी रहे हैं, जहां हर कोई अधिक से अधिक भौतिक सुख-साधनों की लालसा रखता है। इस लालसा का कोई अंत नहीं है, और अंततः यह मानसिक अशांति और सामाजिक असंतुलन को जन्म देती है। शिव का दृष्टिकोण हमें यह सिखाता है कि जीवन में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है, न तो पूरी तरह भौतिकता में डूबना सही है और न ही पूरी तरह से विमुख होना। शिव का जीवन मितव्ययिता और श्रम की महत्ता को दर्शाता है। उनकी विचारधारा हमें यह सिखाती है कि संसाधनों का न्यायसंगत वितरण होना चाहिए और श्रम को उचित सम्मान मिलना चाहिए।

यदि हम इस दर्शन को अपनाएं तो धन और संसाधनों का अधिक समान वितरण सुनिश्चित कर सकते हैं। भगवान शिव केवल एक देवता नहीं हैं, वे एक संपूर्ण जीवन दर्शन हैं। शिव को त्याग, संतुलन और न्याय का प्रतीक माना जाता है। वे उन आदर्शों को प्रस्तुत करते हैं, जो किसी भी समाज, अर्थव्यवस्था और शासन प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। उनका जीवन संदेश देता है कि शक्ति का सही उपयोग समाज कल्याण के लिए होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए। वे त्याग, तपस्या, न्याय और संतुलन के प्रतीक हैं। उनका व्यक्तित्व जितना सरल है, उतना ही गूढ़ भी। वे संहार करते हैं, लेकिन केवल तभी जब समाज में अन्याय, अधर्म और अराजकता अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाती है। शिवजी को नीलकंठ कहा जाता है क्योंकि उन्होंने समुद्र मंथन से निकले विष को अपने गले में धारण किया था। यह विष सम्पूर्ण संसार को नष्ट कर सकता था, लेकिन शिव ने उसे अपने भीतर समाहित कर लिया ताकि समाज सुरक्षित रहे। इस घटना का गहरा सांकेतिक अर्थ है। यह हमें बताता है कि समाज में बदलाव लाने के लिए, बुराइयों को समाप्त करने के लिए, सही नेतृत्व आवश्यक है। एक ऐसा नेतृत्व जो बलिदान देने को तैयार हो, जो समाज के कल्याण के लिए स्वयं कष्ट उठाने से न हिचके। राजनीतिक दृष्टि से शिव नेतृत्व का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। वे न्यायप्रिय हैं, लेकिन जब अन्याय अपनी सीमा पार कर लेता है, तो वे कठोर निर्णय लेने में संकोच नहीं करते। यह दृष्टिकोण प्रशासन के लिए एक आदर्श हो सकता है, जहां निर्णय न्याय और नीति के आधार पर लिए जाएं। वे सत्ता और शक्ति का उपयोग व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि संतुलन बनाए रखने के लिए करते हैं। वे दंड और प्रेम का संतुलन बनाए रखते हैं। यदि हम शिव के विचारों को आत्मसात करें, तो एक अधिक न्यायसंगत, संतुलित और समावेशी समाज का निर्माण संभव है। उनके दर्शन में केवल अतीत की शिक्षाएं नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की समस्याओं के समाधान भी छिपे हैं। आज जब विश्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, तब हमें शिव के संतुलन, न्याय और कर्मशीलता के सिद्धांत को अपनाने की आवश्यकता है, ताकि समाज, अर्थव्यवस्था और राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन में सफलता पाने मन पर अंकुश लगाना ज़रूरी




संकलित
दर्शन

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

## मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी



संकलित
प्रेरणा

अगस्त्य नाम के ऋषि थे वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहाँ से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडो को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया समुद्र का जल घटा ही नही। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

## शिव प्रतिमा का निर्माण



पश्चिम बंगाल के नादिया में शुक्रवार को एक वर्कशॉप में शिवरात्रि से पहले एक कारीगर भगवान शिव के मिट्टी की प्रतिमा को अंतिम आकार देते हुए।

## आज की पाती

### रोजगार निगल जाएगी एआई तकनीक

कुछ समय पहले अमेरिका में मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीच्यूट की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एआई अमेरिका में भी रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2030 तक वहां बहुत से लोगों का रोजगार यह तकनीक छीन सकती है। पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की नौकरी इस तकनीक से जा सकती है। कुछ लोग एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के अवसर में भी मौका ढूंढने के पक्ष में विचार रख रहे हैं। परिवर्तन प्रकृति का भी नियम है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि कोई परिवर्तन हर किसी के लिए लाभदायक ही हो।

- सतीश चौबे, भिलाई

## ट्रेंड

### समृद्ध राष्ट्र की नींव



आर्थिक प्रगति से समृद्धि बढ़ती है तथा तकनीकी प्रगति नवाचार, दक्षता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती है। ये एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं। लेकिन नैतिकता-विहीन आर्थिक और तकनीकी विकास समाज में असंतुलन पैदा कर सकते हैं।

- **द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### हर रोज नया बहाना



संसद को बाधित करने के लिए हर रोज नया बहाना गढ़ना अब कांग्रेस की कार्यशैली नहीं, उसकी पहचान बन चुकी है। नेता प्रतिपक्ष होते हुए भी राहुल गांधी ने जिम्मेदारी का नहीं, अराजकता का रास्ता चुना है। झूठ बोलो और बार-बार बोलो की राजनीति अब उनकी राजनीतिक पहचान है।

- **धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### विशेषाधिकार प्रस्ताव लाएं



एफआईआर हो, मुकदमा दर्ज हो या विशेषाधिकार प्रस्ताव लाएं - मैं किसानों के लिए लड़ूंगा। जो भी ट्रेड डील किसानों की रोज़ी-रोटी छीने या देश की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करे, वह किसान-विरोधी है।

- **राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### 'सेवा तीर्थ' का उद्घाटन




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'सेवा तीर्थ' का उद्घाटन नए भारत की आधुनिक कार्य संस्कृति का एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। पीएमओ, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय का एक ही छत के नीचे आना 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' को चरितार्थ करेगा।

- **भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर


# पाकिस्तान में नौ शेर व दो जिराफ को दया मृत्यु दी गई



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में असाध्य वंशानुगत बीमारियों से पीड़ित नौ शेरों और दो जिराफों को 'दया मृत्यु' दे दी गई। लाहौर सफारी पार्क में लगभग 30-40 शेर हैं, जबकि जिराफों की यह जोड़ी अक्टूबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई थी। वन्यजीव विभाग के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि नौ में से सात शेर सफारी पार्क के थे, जबकि दो स्थानीय चिड़ियाघरों से लाए गए थे। पंजाब की वरिष्ठ मंत्री मरियम औरंगज़ेब ने कहा कि बीमार शेरों को पशु चिकित्सकों की सलाह पर प्रांत के विभिन्न चिड़ियाघरों से लाहौर सफारी पार्क भेजा गया था। मंत्री ने एक बयान में कहा, /"कुछ शेर असाध्य वंशानुगत बीमारियों से ग्रस्त थे, जबकि कुछ ऐसे रोग से पीड़ित थे जिनका कोई प्रभावी इलाज संभव नहीं था।/" उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सकों और वन्यजीव विशेषज्ञों की एक समिति ने इन मामलों की समीक्षा की थी। मंत्री ने कहा, /"लाइलाज बीमारियों से पीड़ित पशुओं को आगे की पीड़ा से बचाने के लिए 'दया मृत्यु' देना वैश्विक स्तर पर मानक प्रथा है और पाकिस्तान के वन्यजीव कानूनों में भी इसका प्रावधान है।

## ऑफ बीट

# आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है क्या बीमारी है



हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे - जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

Dr. Juneja's EYE Mantra
Ayurvedic Eye Relief Drops

• Eye Strain • Eye Dryness • Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness



# अल्फा के सेट पर आलिया और बॉबी के बीच खटपट

**मुंबई।** यश राज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग जारी है। पहले ये 2025 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। फिलहाल इसके सेट पर आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच खटपट हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनके बीच एक सीन को लेकर बहस हुई है। जिसके बाद आदित्य चोपड़ा को सुलह कराने के लिए आना पड़ा। एक रिपोर्ट के अनुसार आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच सेट पर टेंशन पैदा हो गई है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस एक सीन में कुछ क्रिएटिव एडवाइस दे रही थीं।

लाइफ Style



# तृप्ति

## ओ रोमियो पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी स्टारर और विशाल भारद्वाज की डायरेक्टेड 'ओ रोमियो' शुक्रवार, 13 फरवरी को रिलीज हो गई है। इसने बड़े पर्दे पर आने से पहले ही एडवांस बुकिंग के जरिए 3 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।

इसको सेंसर बोर्ड के पास भी भेजा गया था, जहां पर इसे 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया था। साथ ही इस पर कई कट्स भी लगाए गए। कुछ शब्दों को दूसरे शब्दों से बदला भी गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'ओ रोमियो' के डायलॉग्स में बदलाव करने के लिए कहा गया था। जिसमें 'आइटम' को 'कुमारी' से रिप्लेस किया गया है और एक सीन में एक शब्द को म्यूट कर दिया गया। इसके अलावा, कुछ 'अभद्र' शब्दों को भी डिलीट कर दिया गया है। साथ ही इंटीमेट और रोमांटक सीन्स में कोई कट नहीं लगाए गए हैं। हालांकि, कुछ हिंसक सीन्स पर कैंची चली है। रिपोर्ट के मुताबिक, गला काटने वाले क्लोजअप शॉट को 3 सेकेंड छोटा किया गया है। और बाकी के दो शॉट्स में भी 2 सेकेंड कम किया गया है, जिसमें से एक में 'खून से लथपथ सिर पटकने' और दूसरे में एक महिला के मुंह पर खून के छींटे पड़ने का सीन दिखाया गया था। इतना ही नहीं, महिला को थप्पड़ मारने वाले सीन को भी 2 सेकेंड तक घटाया गया है। मूवी में तंबाकू और धूम्रपान विरोधी सीन्स पर टिकर भी जोड़े गए हैं। और सबके डिस्क्लेमर की लंबाई, उसके वॉइसओवर के साथ बढ़ाई गई है। जिससे फिल्म 1 मिनट 57 सेकेंड लंबी हो गई है।

## हॉलीवुड मसाला



# एफ 1 के सीक्वल पर कर रहे हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** भारत में हॉलीवुड फिल्मों का भी अच्छा-खासा बाजार है। पिछले साल हॉलीवुड के नामी एक्टर टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' और ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' रिलीज हुई। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' ने पिछले साल अच्छा-खासा कलेक्शन किया था। अब दुनिया भर के दर्शकों के अलावा भारतीय दर्शकों को इस फिल्म के सीक्वल का इंतजार है। हाल ही में इस बारे में एक नया अपडेट सामने आया है। हाल ही में फिल्म एफ 1 के प्रोड्यूसर जैरी ब्रुकहाइमर ने कहा, 'हम एक सीक्वल पर काम कर रहे हैं।




# स्पाई-थ्रिलर सीरीज सिटाडेल का दूसरा सीजन बन रहा

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों एसएस राजामौली की आगामी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज में अभी एक साल से भी ज्यादा का समय है। इस बीच अब प्रियंका ने अपने हॉलीवुड शो 'सिटाडेल' के दूसरे सीजन को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही उन्होंने शो के भविष्य को लेकर भी बात की है। प्रियंका चोपड़ा ने ये कंफर्म किया कि उनकी स्पाई-थ्रिलर सीरीज 'सिटाडेल' का दूसरा सीजन बन रहा है। एक्ट्रेस ने कहा कि सीजन 2 तो पक्का आएगा, लेकिन बाकी का क्या? मुझे कोई अंदाजा नहीं है। सच कहूं तो मैं पूछती भी नहीं। मैं काम पर जाती हूं, अपना काम करती हूं और चली जाती हूं। इस दौरान प्रियंका ने बताया कि कैसे रूसो ब्रदर्स ने उनसे इस सीरीज के लिए संपर्क किया था।



# रागिनी 3 में लीड रोल में आएंगी नजर

**मुंबई।** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने हाल ही में फिल्म 'रागिनी 3' का ऐलान किया है। इस हॉरर फिल्म में तमन्ना भाटिया लीड रोल में नजर आएंगी। 'रागिनी 3' में उनके साथ एक नामी बॉलीवुड स्टार का बेटा नजर आएगा। फिल्म 'रागिनी 3' को शशांक घोष डायरेक्टेड करेंगे। फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर मेकर्स ने जानकारी साझा की है। रागिनी 3 में जुनैद खान तमन्ना भाटिया के साथ नजर आएंगे। आमिर खान के बेटे जुनैद ने इससे पहले लवयापा जैसी रोमांटिक फिल्म की थी। अब वह हॉरर फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। इसमें तमन्ना और वह दमदार किरदारों में नजर आएंगे। रागिनी सीरीज की फिल्मों में रोमांस, धोखा और हॉरर का डोज दर्शकों को दिया जाता है, ऐसा ही कुछ तीसरी कड़ी में भी देखने को मिलेगा।



# शतक के ट्रेलर ने दर्शकों का दहलाया दिल

**नई दिल्ली।** फिल्म 'शतकः संघ के 100 वर्ष'का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें अजय देवगन की असरदार आवाज ने आरएसएस की एक शताब्दी लंबी जर्नी को जीवंत किया है। आशीष मल्ल के निर्देशन में बनी फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म सिर्फ एक ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि स्वयंसेवकों के त्याग, अनुशासन और राष्ट्र-निर्माण में उनके कंट्रीब्यूशन की गाथा है। गुरुजी एमएस गोलवलकर के आइडिया और ऑफिशियल डॉक्युमेंट पर आधारित यह कहानी संघ से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने और उन अनछुए पहलुओं को सामने लाने की कोशिश करती है, जिन्हें अक्सर मैनस्ट्रीम में कम जगह मिली है। ट्रेलर लोगों के रोंगटे खड़े कर रहा है।

# वैलेंटाइन डे : टीवी स्टार्स ने बताया प्यार का असली मतलब

**नई दिल्ली।** इस वैलेंटाइन डे पर, टीवी के कलाकार सुम्बुल तौकीर खान, नितिन बाबू, अक्षया हिंदालकर, ऋषि सक्सेना और दीक्षा जोशी अपने विचार साझा कर रहे हैं, हमें याद दिलाते हुए कि प्यार अक्सर उन सरल अनुभवों और पलों में मिलता है जो वास्तव में मायने रखते हैं।


## अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है प्यार की शुरुआत : सुम्बुल तौकीर



सुम्बुल तौकीर खान ने बताया, 'मेरे लिए वैलेंटाइन डे बड़े-बड़े इशारों या सिर्फ रोमांटिक प्यार के बारे में नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक ईमानदारी और सचमुच समझे जाने की भावना के बारे में है। प्यार उन लोगों में मिलता है जो आपके सबसे कठिन समय में आपके साथ खड़े रहते हैं, जो आपकी छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाते हैं और जो आपको बिल्कुल वैसे ही स्वीकार करते हैं जैसे आप हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने सीखा है कि प्यार की शुरुआत खुद के प्रति दयालु होने और अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है। जब आप ऐसा करते हैं, तो हर रिश्ता चाहे परिवार, दोस्त या साथी के साथ हो और भी सार्थक बन जाता है। इस वैलेंटाइन डे पर, मैं अपने चारों ओर मौजूद हर रूप के प्यार के लिए आभार चुन रही हूं।'

## नितिन ने शेयर की अपनी फीलिंग्स

नितिन बाबू ने शेयर किया, 'प्यार हमेशा नाटकीय या परफेक्ट तस्वीर जैसा नहीं होना चाहिए। कभी-कभी यह उतना ही सरल होता है जितना किसी के लिए मौजूद रहना, बिना किसी डिसिजन के सुनना और उतार-चढ़ाव में एक-दूसरे का साथ देना।'



## प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए : ऋषि

इत्ती सी खुशी में संजय का रोल निभा रहे ऋषि सक्सेना ने साझा किया 'मेरे लिए प्यार सबसे शक्तिशाली भावनाओं में से एक है। यह आपको धैर्य, सहानुभूति और संतुलन सिखाता है। वैलेंटाइन डे हमें उस भावना का जश्न मनाने का एक कारण देता है, लेकिन मैं मानता हूं कि प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए, सिर्फ एक अवसर पर नहीं।'



# वैलेंटाइन वीकएंड पर दर्शकों को मिलेगा मनोरंजन का जबर डोज

**नई दिल्ली।** शुक्रवार 13 फरवरी को सिनेमाघरों में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'ओ रोमियो' रिलीज हो गई है। वीकएंड भी और वीकएंड पर ही वैलेंटाइन भी है। ऐसे में पार्टनर के साथ थिएटर का रुख करने का शानदार मौका हो सकता है। मगर, आपको घर बैठे ओटीटी पर ही बढ़िया सिनेमा देखना है तो, इस वीकएंड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काफी कुछ खास है।

**अमर विश्वास** : एक्टर राजीव खंडेलवाल अपनी नई सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'अमर विश्वास' ओटीटी पर 11 फरवरी को रिलीज हुई। इसमें वे वकील की भूमिका में हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। इसमें आमिर अली, बरखा बिष्ट और रवि बहल जैसे सितारे भी हैं।

# ये हैं परदे पर राज करने वाले सदाबहार रोमांटिक हीरो

**नई दिल्ली।** फिल्मों में हीरो की भूमिका दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ती है। कुछ सितारे अपने एक्शन के लिए लोकप्रिय हुए, कुछ ने कॉमेडी के जरिए दिलों में जगह बनाई। वहीं, इंडस्ट्री में कुछ दिग्गजों का नाम इसलिए भी लिया जाता रहेगा, क्योंकि उन्होंने परदे पर अपने किरदार के जरिए मोहब्बत का पैगाम दिया और बन गए रोमांटिक हीरो। उनकी यह इमेज सिर्फ एक या दो फिल्मों तक नहीं रही, बल्कि वे सदाबहार रहे। दौर कोई भी आया, जब-जब सिनेमा में रोमांस और रोमांटिक हीरो की बात हुई, इनका जिक्र सहज ही किया गया।

**देव आनंदः** देव आनंद का नाम आते ही रोमांस, दिलकश अंदाज और आकर्षक छवि सामने आ जाती है। बड़े पर्दे पर वह कई फिल्मों में रोमांटिक किरदार निभा चुके हैं। करियर के पीक पर देव आनंद की महिला प्रशंसक काफी ज्यादा हुआ करती थीं।

**ऋषि कपूरः** भारतीय सिनेमा के रोमांटिक अभिनेताओं में ऋषि कपूर का नाम भी शामिल है। अपनी पहले ही फिल्म 'बॉबी' से उन्होंने धमाल मचा दिया था। 'चांदनी' और 'बोल राधा बोल' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी नटखट और आकर्षक भूमिका से रोमांस की दुनिया में अपना एक विशेष स्थान बनाया। उनकी मुस्कान और मासूमियत दर्शकों को दिलों में आज भी बसी हुई है।

**दिलीप कुमारः** दिलीप कुमार हिंदी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार थे। पर्दे पर वह भी रोमांटिक अंदाज दिखा चुके हैं। 'मुगल-ए-आजम' और 'नया दौर' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी ने उन्हें रोमांटिक हीरो की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है।

## दर पर आया दीवाना, लैला-मजनू का रूहानी इश्क, हीर-रांझा की पाक मोहब्बत

# वो अमर प्रेम कहानियां जो दर्शकों की आंखों को कर गईं नम

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा ने जब फलना-फूलना शुरू किया तो बड़े पर्दे पर मोहब्बत की कहानियों को सबसे ज्यादा बयां किया। मजनू ने कैसे लैला के इश्क में जान दी? हीर और रांझा का प्यार क्यों मुकम्मल नहीं हुआ? इस दर्द को हिंदी सिनेमा ने वक्त-वक्त पर बखूबी दिखाया। वैलेंटाइन-डे के मौके पर जानिए, ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें अमर प्रेम कहानियां दर्शकों की आंखों को नम कर गईं।

**सोहनी ने चेनाब किनारे पुकारा महिवाल का नामः** साल 1933 और 1946 में दो हिंदी फिल्में बनीं लेकिन साल 1958 में रिलीज हुई 'सोहनी महिवाल' सबसे चर्चित रही। इसमें भारत भूषण और निम्मी ने मुख्य भूमिका कीं। वहीं साल 1984 में सनी देओल और पूनम ढिल्लों अभिनीत फिल्म 'सोहनी महिवाल'को भी खूब प्यार मिला। सनी देओल स्टारर फिल्म के कई गानों में सोहनी और महिवाल के रूहानी इश्क की दांस्तां को बयां किया गया। फिल्म का एक गाना 'लोगों ने सर पे लगाए हैं हजारों इल्जाम आजा, सोहनी चेनाब दे किनारे से पुकारे तेरा नाम आजा।' यह गाना सोहनी और महिवाल की मजबूरी और इश्क में कुछ भी कर गुजरने की चाहत को बखूबी जता देता है।

## मजनू की मोहब्बत में सजा पाने को हाजिर हुआ लैला का इश्क

हुस्न हाजिर है मोहब्बत में सजा पाने को'जब यह गाना ऋषि कपूर और रंजीता कौर अभिनीत फिल्म 'लैला मजनू(1976)' में सुनाई देता है, तब इस गाने को सुनकर दर्शकों के जेहन में 11वीं सदी की अरब देश की अधूरी प्रेम कहानी की यादें ताजा हो जाती हैं। इसी नाम से साल 1953 में नूतन और शम्मी कपूर ने भी एक फिल्म की। वहीं, साल 2018 में इम्तियाज अली की लिखी कहानी पर बनी 'लैला मजनू' भी एक कल्ट मूवी बन चुकी है। इन सभी फिल्मों में लैला से मिलने की चाहत लिए भटकता मजनू आखिरी में मौत के आगोश में सो जाता है।




## जूलियट की मोहब्बत में कुर्बान हुआ रोमियो

मशहूर ब्रिटिश राइटर शेक्सपियर ने कई बड़े नॉवेल लिखे। लेकिन 'रोमियो और जूलियट'उनका सबसे फेमस नॉवेल है। इस पर कई फिल्में हॉलीवुड में बनी हैं। वहीं, बॉलीवुड की कई फिल्में इस नॉवेल से इंस्पायर रहीं। इसमें साल 2013 की राम लीला भी है, रणवीर और दीपिका की इस फिल्म का दर्दनाक अंत होता है। राम लीला मौत के बाद ही मिल पाते हैं ,क्योंकि समाज और परिवार की दीवारें उन्हें इस जहान में मिलने नहीं देती हैं।

## रांझा रांझा करते-करते हीर दीवानी हुई

साल 1970 में चेतन आनंद निर्देशित फिल्म 'हीर रांझा'में राज कुमार और प्रिया राजवंश पर यह प्रेम कहानी फिल्माई गई। फिल्म में हीर से दूर होकर रांझा का दिल दर्द से भर उठता है। इस दर्द को एक गाने 'ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं' में बखूबी बयां किया जाता है। इसी तरह हीर भी अपना दुख बयां करती है, जिस पर फिल्म में गीत है, 'दो दिल टूटे दो दिल हारे दुनिया वालों सदके तुम्हारे।' यह फिल्म, गीत आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं और हीर-रांझा का प्यार भी प्रेमियों के मन में जिंदा है।

## साहिबान की मोहब्बत में टूटा मिर्जा का दिल

हीर और रांझा, सोनी महिवाल की तरह ही साहिबान और मिर्जा की कहानी भी पंजाब में 16वी शताब्दी में पनपी थी। साहिबान को मिर्जा से बेइंतहा मोहब्बत थी वह कभी उससे बेवफाई नहीं कर सकती थी, लेकिन वक्त आने पर वफा भी नहीं कर पाई। उसने मिर्जा के तीर तोड़ दिए, जिससे वह उसके भाइयों को ना मारे। लेकिन, साहिबान के भाइयों ने मिर्जा को मौत के घाट उतार दिया। यह देखकर साहिबान ने भी मौत को चुन लिया और अपने मिर्जा के साथ ही दुनिया से रूखसत हो गई। इसी कहानी को साल 2016 में फिल्म 'मिर्जिया'में नए जमाने के हिसाब से दिखाया गया, फिल्म को ओमप्रकाश मेहरा ने निर्देशित किया था। इसी तरह एक पंजाबी फिल्म 2012 में भी इसी प्रेम कहानी पर बनी, जिसमें ग्रिप्पी ग्रेवाल मिर्जा के रोल में दिखे।

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-सी.जी.-अ.- 03022026-269787
CG-CG-E- 03022026-269787
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 365] नई दिल्ली, बुधवार, 28 जनवरी, 2026/ माघ 8, 1947
No. 365] NEW DELHI, WEDNESDAY, 28 JANUARY, 2026/MAGHA 8, 1947

## रेल मंत्रालय
## (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे)
## अधिसूचना
### बिलासपुर, 18 नवम्बर 2025
### रेल अधिनियम, 1989 की धारा 20क के अंतर्गत अधिसूचना

का.आ. 393 (अ)– रेल अधिनियम, 1989 की धारा 20क की उपधारा (1) जिसे इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है, द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार सार्वजनिक उदेश्य के लिऐ संतुष्ट होने के बाद ऐसी भूमि का जिसका संक्षिप्त वर्णन संलग्न अनुसूची में दिया गया है, जो कि विशेष रेल परियोजना "खरसिया नया रायपुर– परमालकसा 5वीं एवं 6वीं लाइन (278 कि. मी.)" दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के निष्पदान के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बलौदा बाजार में आवश्यक है, एतद्वारा अधिग्रहण करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

उक्त भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त, अधिनियम की धारा 20घ की उपधारा (1) के अधिन, पूर्वोत्क प्रयोजन के लिये ऐसी भूमि के अर्जन एवं उपयोग के संबंध पर आक्षेप कर सकेगा।

ऐसा प्रत्येक आक्षेप, सक्षम प्राधिकारी, अर्थात अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), लवन जिला बलौदा बाजार भाटापारा छत्तीसगढ़, को लिखित में किया जायेगा और उसके आधार उपवर्णित किये जायेगें तथा सक्षम प्राधिकारी आक्षेपकर्ता को व्यक्तिगत रूप से विधी व्यवसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और ऐसे सभी आक्षेपों की सुनवाई करने तथा ऐसी अतिरिक्त जांच, यदि कोई हो, तो करने के पश्चात्, जो सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझें, आदेशद्वारा, आक्षेपों को या तो अनुज्ञात या अनअनुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उपधारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा, इस अधिसूचना के अधीन आने वाली भूमि या रेखांकन एवं अन्य ब्यौरे उपलब्ध है और हितबद्ध व्यक्ति द्वारा उनका निरीक्षण सक्षम प्राधिकारी के उपरोक्त कार्यालय में किया जा सकता है।

### अनुसूची

**"खरसिया नया रायपुर– परमालकसा 5वीं एवं 6वीं लाइन (278 कि. मी.)" परियोजना के निर्माण के लिए, बलौदाबाजार भाटापारा जिले के अंतर्गत, अधिग्रहण किये जाने के लिए संरचना के सहित या उनके रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण–**

जिला का नाम बलौदाबाजार भाटापारा (राज्य छत्तीसगढ़)

| क्रमांक संख्या | तहसील | गाँव का नाम | खसरा / प्लॉट संख्या | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लवन | खैन्दा | 312/2 | 0.032 |
| 2 | | | 312/3 | 0.074 |
| 3 | | | 312/4 | 0.104 |
| 4 | | | 316/3 | 0.247 |
| 5 | | | 316/4क | 0.004 |
| 6 | | | 316/5 | 0.06 |
| 7 | | | 317/1 | 0.063 |
| 8 | | | 317/2 | 0.04 |
| 9 | | | 317/3 | 0.048 |
| 10 | | | 317/4 | 0.063 |
| 11 | | | 318/1 | 0.004 |
| 12 | | | 318/2 | 0.21 |
| 13 | | | 319 | 0.327 |
| 14 | | | 320/2ख | 0.237 |
| 15 | | | 320/3 | 0.018 |
| 16 | | | 320/5 | 0.008 |
| 17 | | | 1154/3 | 0.162 |
| 18 | | | 1155/2 | 0.134 |
| 19 | | | 1155/4 | 0.05 |
| 20 | | | 1155/5 | 0.85 |
| 21 | | | 1157/1 | 0.12 |
| 22 | | | 1157/2 | 0.253 |
| 23 | | | 1160/1 | 0.143 |
| 24 | | | 1160/2 | 0.143 |
| 25 | | | 1160/3 | 0.1 |
| 26 | | | 1160/4 | 0.09 |
| 27 | | | 1160/5 | 0.143 |
| 28 | | | 1161/1 | 0.476 |
| 29 | | | 1161/2 | 0.009 |
| 30 | | | 1162 | 0.13 |
| 31 | | | 1164 | 0.478 |
| 32 | | | 1165 | 0.219 |
| 33 | | | 1166 | 0.121 |
| 34 | | | 1167 | 0.316 |
| 35 | | | 1168 | 0.067 |
| 36 | | | 1169/1 | 0.02 |
| 37 | | | 1169/2 | 0.15 |
| 38 | | | 1169/3 | 0.13 |
| 39 | | | 1187 | 0.004 |
| 40 | | | 1188/1 | 0.202 |
| 41 | | | 1188/2 | 0.46 |
| 42 | | | 1188/4क | 0.118 |
| 43 | | | 1188/4ख | 0.132 |
| 44 | | | 1189 | 0.777 |
| 45 | | | 1190 | 0.352 |
| 46 | | | 1191 | 0.174 |
| 47 | | | 1192/1 | 0.4 |
| 48 | | | 1192/2 | 0.353 |
| 49 | | | 1193/1 | 0.33 |
| 50 | | | 1193/2 | 0.38 |
| 51 | | | 1194/1 | 0.272 |
| 52 | | | 1194/2 | 0.198 |
| 53 | | | 1195 | 0.129 |
| 54 | | | 1196 | 0.142 |
| 55 | | | 1197/1 | 0.255 |
| 56 | | | 1197/2 | 0.389 |
| 57 | | | 1197/3 | 0.222 |
| 58 | | | 1197/4 | 0.291 |
| 59 | | | 1197/5 | 0.182 |
| 60 | | | 1198 | 0.166 |
| 61 | | | 1199/1 | 0.247 |
| 62 | | | 1199/2 | 0.405 |
| 63 | | | 1200/1 | 0.142 |
| 64 | | | 1200/2 | 0.202 |
| 65 | | | 1201/1 | 0.256 |
| 66 | | | 1201/2 | 0.287 |
| 67 | | | 1202 | 0.034 |
| 68 | | | 1204 | 0.008 |
| 69 | | | 1205/1 | 0.13 |
| 70 | | | 1206/2 | 0.492 |
| 71 | | | 1206/3 | 0.008 |
| 72 | | | 1209 | 0.09 |
| 73 | | | 1210 | 0.17 |
| 74 | | | 1211/1 | 0.117 |
| 75 | | | 1211/2 | 0.126 |
| 76 | | | 1212 | 0.162 |
| 77 | | | 1213 | 0.198 |
| 78 | लवन | खैन्दा | 1214 | 0.097 |
| 79 | | | 1215/1 | 0.195 |
| 80 | | | 1215/2 | 0.198 |
| 81 | | | 1216 | 0.085 |
| 82 | | | 1217 | 0.081 |
| 83 | | | 1218 | 0.105 |
| 84 | | | 1219 | 0.34 |
| 85 | | | 1220/4 | 0.25 |
| 86 | | | 1221/1 | 0.05 |
| 87 | | | 1351/1/ख | 0.03 |
| 88 | | | 1351/1/ग | 0.03 |
| 89 | | | 1351/1/घ | 0.101 |
| 90 | | | 1352 | 0.016 |
| 91 | | | 1353/1 | 0.26 |
| 92 | | | 1355/1 | 0.452 |
| 93 | | | 1355/2 | 0.591 |
| 94 | | | 1356 | 0.004 |
| 95 | | | 1359 | 0.004 |
| 96 | | | 1358/3 | 0.12 |
| 97 | | | 1360/1 | 0.064 |
| 98 | | | 1362/1 | 0.028 |
| 99 | | | 1362/2 | 0.115 |
| 100 | | | 1362/3 | 0.016 |
| 101 | | | 1363 | 0.206 |
| 102 | | | 1364 | 0.178 |
| 103 | | | 1365 | 0.121 |
| 104 | | | 1366 | 0.089 |
| 105 | | | 1367 | 0.113 |
| 106 | | | 1368 | 0.012 |
| 107 | | | 1369 | 0.004 |
| 108 | | | 1370 | 0.295 |
| 109 | | | 1371 | 0.202 |
| 110 | | | 1372 | 0.239 |
| 111 | | | 1373 | 0.219 |
| 112 | | | 1374/1 | 0.435 |
| 113 | | | 1374/2 | 0.22 |
| 114 | | | 1376 | 0.506 |
| 115 | | | 1379 | 0.093 |
| 116 | | | 1380 | 0.376 |
| 117 | | | 1381/1 | 0.304 |
| 118 | | | 1381/2 | 0.044 |
| 119 | | | 1382/1 | 0.109 |
| 120 | | | 1382/2 | 0.105 |
| 121 | | | 1383/1 | 0.239 |
| 122 | | | 1383/2 | 0.239 |
| 123 | | | 1383/3 | 0.129 |
| 124 | | | 1384/1 | 0.21 |
| 125 | | | 1384/2 | 0.425 |
| 126 | | | 1384/4 | 0.069 |
| 127 | | | 1385/2/क | 0.026 |
| 128 | | | 1387 | 0.007 |
| 129 | | | 1388/2 | 0.091 |
| 130 | | | 1399 | 0.081 |
| 131 | | | 1400 | 0.044 |
| 132 | | | 1401 | 0.247 |
| 133 | | | 1402/1 | 0.275 |
| 134 | | | 1402/2 | 0.12 |
| 135 | | | 1403 | 0.22 |
| 136 | | | 1404 | 0.129 |
| 137 | | | 1405 | 0.125 |
| 138 | | | 1406/1 | 0.304 |
| 139 | | | 1406/2 | 0.36 |
| 140 | | | 1407 | 0.401 |
| 141 | | | 1408 | 0.069 |
| 142 | | | 1410/1 | 1.03 |
| 143 | | | 1410/2 | 0.263 |
| 144 | | | 1410/3 | 0.182 |
| 145 | | | 1410/4/क | 0.27 |
| 146 | | | 1410/4/ख | 0.05 |
| 147 | | | 1421 | 0.049 |
| 148 | | | 1397/1 | 0.273 |
| 149 | | | 1397/2 | 0.092 |
| 150 | | | 1398 | 0.162 |
| 151 | | | 1377 | 0.008 |
| 152 | | | 1378 | 0.016 |
| 153 | | | 1410/5 | 0.281 |
| 154 | कुल क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | | | **28.433** |
| 155 | लवन | पनगाव | 2237/3 | 0.041 |
| 156 | | | 2239/1 | 0.127 |
| 157 | | | 2237/1 | 0.012 |
| 158 | | | 2239/2<br>2241/1 | 0.138 |
| 159 | | | 2241/8 | 0.132 |
| 160 | | | 2241/3 | 0.012 |
| 161 | | | 2239/3 | 0.032 |
| 162 | | | 2245 | 0.132 |
| 163 | | | 2246/1<br>2246/2 | 0.212 |
| 163 | | | 2231/1<br>2232/1<br>2249 | 0.276 |
| 164 | | | 2250/4 | 0.268 |
| 165 | | | 2250/6 | 0.145 |
| 166 | | | 2172/1 | 0.291 |
| 167 | | | 4756<br>2172 | 0.07 |
| 168 | | | 2172/5 | 0.032 |
| 169 | | | 2172/3 | 0.004 |
| 170 | | | 2129/1 | 0.117 |
| 171 | | | 2129/4 | 0.198 |
| 172 | | | 2128 | 0.04 |
| 173 | | | 2127/2 | 0.048 |
| 174 | | | 2126/2 | 0.214 |
| 175 | | | 2127/1 | 0.343 |
| 176 | | | 2131/2 | 0.109 |
| 177 | | | 4748 | 0.049 |
| 178 | | | 2126/3 | 0.024 |
| 179 | | | 2126/1 | 0.004 |
| 180 | | | 2114/1 | 0.004 |
| 181 | | | 4747 | 0.124 |
| 182 | | | 2116/2 | 0.262 |
| 183 | | | 4749 | 0.076 |
| 184 | | | 2116/1 | 0.162 |
| 185 | | | 2134 | 0.21 |
| 186 | | | 2125 | 0.008 |
| 187 | | | 2117/6 | 0.198 |
| 188 | लवन | पनगाव | 2117/4 | 0.045 |
| 189 | | | 2122/7 | 0.142 |
| 190 | | | 2117/3 | 0.053 |
| 191 | | | 2122/8 | 0.004 |
| 192 | | | 2130/3 | 0.004 |
| 193 | | | 2118/1 | 0.04 |
| 194 | | | 2118/2 | 0.036 |
| 195 | | | 1940 | 0.194 |
| 196 | | | 1843/2 | 0.105 |
| 197 | | | 1843/3 | 0.049 |
| 198 | | | 1843/1 | 0.004 |
| 199 | | | 1843/4 | 0.004 |
| 200 | | | 1844/2 | 0.01 |
| 201 | | | 1939/5 | 0.028 |
| 202 | | | 1848 | 0.105 |
| 203 | | | 1849<br>1850 | 0.101 |
| 204 | | | 1847/1 | 0.184 |
| 205 | | | 1847/4 | 0.214 |
| 206 | | | 1847/3 | 0.101 |
| 207 | | | 1847/2 | 0.202 |
| 208 | | | 1852/1 | 0.02 |
| 209 | | | 1852/2 | 0.061 |
| 210 | | | 1852/3 | 0.081 |
| 211 | | | 1852/4 | 0.182 |
| 212 | | | 1855/1 | 0.124 |
| 213 | | | 1855/2 | 0.101 |
| 214 | | | 1854/1 | 0.065 |
| 215 | | | 1854/2 | 0.02 |
| 216 | | | 1854/7 | 0.061 |
| 217 | | | 1854/5 | 0.069 |
| 218 | | | 1854/3 | 0.069 |
| 219 | | | 1854/4 | 0.061 |
| 220 | | | 1854/6 | 0.064 |
| 221 | | | 1853 | 0.048 |
| 222 | | | 1857 | 0.093 |
| 223 | | | 1858/1 | 0.057 |
| 224 | | | 1860 | 0.077 |
| 225 | | | 1859/4 | 0.089 |
| 226 | | | 1859/5 | 0.089 |
| 227 | | | 1859/6 | 0.078 |
| 228 | | | 1859/3 | 0.065 |
| 229 | | | 1861/1 | 0.008 |
| 230 | | | 1733/2 | 0.282 |
| | | | 1734/2<br>1739/6 | |
| 231 | | | 1733/3 | 0.015 |
| 232 | | | 1733/5 | 0.056 |
| 233 | | | 1733/6 | 0.056 |
| 234 | | | 1733/7 | 0.014 |
| 235 | | | 1733/1 | 0.085 |
| 236 | | | 1739/2/क | 0.008 |
| 237 | | | 1728/1 | 0.012 |
| 238 | | | 1722/3 | 0.255 |
| 239 | | | 1722/2 | 0.296 |
| 240 | | | 1722/1 | 0.267 |
| 241 | | | 1717<br>4670 | 0.198 |
| 242 | | | 1721 | 0.361 |
| 243 | | | 1742/2 | 0.02 |
| 244 | | | 422/3 | 0.093 |
| 245 | | | 422/4 | 0.321 |
| 246 | | | 422/1 | 0.089 |
| 247 | | | 449/1<br>506 | 0.336 |
| 248 | | | 504 | 0.101 |
| 249 | | | 449/3 | 0.088 |
| 250 | | | 449/4 | 0.088 |
| 251 | | | 449/5 | 0.085 |
| 252 | | | 449/2 | 0.058 |
| 253 | | | 503 | 0.053 |
| 254 | | | 450 | 0.028 |
| 255 | | | 512 | 0.0109 |
| 256 | | | 544/2 | 0.071 |
| 257 | | | 544/1 | 0.071 |
| 258 | | | 513 | 0.219 |
| 259 | | | 543/3 | 0.04 |
| 260 | | | 543/2 | 0.172 |
| 261 | | | 532<br>615 | 0.227 |
| 262 | | | 514 | 0.053 |
| 263 | | | 502 | 0.093 |
| 264 | | | 515/2 | 0.02 |
| 265 | | | 542 | 0.081 |
| 266 | | | 541 | 0.089 |
| 267 | | | 539 | 0.077 |
| 268 | | | 538<br>540 | 0.081 |
| 269 | | | 519/1 | 0.045 |
| 270 | | | 533 | 0.057 |
| 271 | | | 534/1 | 0.202 |
| 272 | | | 614<br>616 | 0.097 |
| 273 | | | 530 | 0.018 |
| 274 | | | 531 | 0.008 |
| 275 | | | 529 | 0.48 |
| 276 | | | 619 | 0.186 |
| 277 | | | 620 | 0.061 |
| 278 | | | 621 | 0.109 |
| 279 | | | 622 | 0.061 |
| 280 | | | 618 | 0.259 |
| 281 | | | 627 | 0.158 |
| 282 | | | 628 | 0.093 |
| 283 | | | 629 | 0.101 |
| 284 | | | 650 | 0.162 |
| 285 | | | 649 | 0.202 |
| 286 | | | 669/1 | 0.049 |
| 287 | | | 668 | 0.02 |
| 288 | | | 652 | 0.061 |
| 289 | | | 651/1 | 0.069 |
| 290 | | | 651/2 | 0.089 |
| 291 | | | 653 | 0.082 |
| 292 | | | 664 | 0.081 |
| 293 | | | 665 | 0.041 |
| 294 | | | 661/1 | 0.145 |
| 295 | | | 661/2 | 0.202 |
| 296 | लवन | पनगाव | 662/2 | 0.441 |
| 297 | | | 742/2<br>752 | 0.016 |
| 298 | | | 751 | 0.049 |
| 299 | | | 750 | 0.085 |
| 300 | | | 764 | 0.113 |
| 301 | | | 769 | 0.024 |
| 302 | | | 766 | 0.049 |
| 303 | | | 768 | 0.02 |
| 304 | | | 767 | 0.061 |
| 305 | | | 770 | 0.024 |
| 306 | | | 771 | 0.036 |
| 307 | | | 773 | 0.028 |
| 308 | | | 774/1 | 0.02 |
| 309 | | | 774/2 | 0.032 |
| 310 | | | 772 | 0.081 |
| 311 | | | 781 | 0.081 |
| 312 | | | 782 | 0.06 |
| 313 | | | 1161 | 0.057 |
| 314 | | | 783 | 0.065 |
| 315 | | | 785 | 0.04 |
| 316 | | | 1160 | 0.081 |
| 317 | | | 1107<br>1108 | 0.182 |
| 318 | | | 1103/1 | 0.206 |
| 319 | | | 1109/1 | 0.235 |
| 320 | | | 1109/2 | 0.181 |
| 321 | | | 1105 | 0.102 |
| 322 | | | 1149/1 | 0.073 |
| 323 | | | 1110 | 0.162 |
| 324 | | | 1102/1 | 0.061 |
| 325 | | | 1091<br>1100 | 0.154 |
| 326 | | | 1089<br>1090<br>1101<br>1102/2 | 0.282 |
| 327 | | | 1099 | 0.142 |
| 328 | | | 1092 | 0.069 |
| 329 | | | 1093/1 | 0.073 |
| 330 | | | 1093/2 | 0.073 |
| 331 | | | 1094<br>1095 | 0.202 |
| 332 | | | 1031/4 | 0.061 |
| 333 | | | 1031/2 | 0.103 |
| 334 | | | 1031/3 | 0.104 |
| 335 | | | 1031/1 | 0.103 |
| 336 | | | 1048 | 0.065 |
| 337 | | | 1032 | 0.227 |
| 338 | | | 1047 | 0.048 |
| 339 | | | 1044 | 0.23 |
| 340 | | | 1043 | 0.041 |
| 341 | | | 1037 | 0.089 |
| 342 | | | 1038 | 0.081 |
| 343 | | | 1036 | 0.077 |
| 344 | | | 1039 | 0.075 |
| 345 | | | 1033 | 0.202 |
| 346 | | | 1034 | 0.15 |
| 347 | | | 1035/1 | 0.101 |
| 348 | | | 1035/2 | 0.097 |
| 349 | | | 994 | 0.081 |
| 350 | | | 995 | 0.069 |
| 351 | | | 996 | 0.186 |
| 352 | | | 997 | 0.089 |
| 353 | | | 998 | 0.174 |
| 354 | | | 993 | 0.069 |
| 355 | | | 991/1 | 0.101 |
| 356 | | | 991/2 | 0.101 |
| 357 | | | 1122 | 0.008 |
| 358 | | | 992 | 0.328 |
| 359 | | | 961/1 | 0.275 |
| 360 | | | 959/3 | 0.166 |
| 361 | | | 958/4 | 0.142 |
| 362 | | | 960/1 | 0.093 |
| 363 | | | 959/1 | 0.332 |
| 364 | | | 958/3<br>935/2 | 0.061 |
| 365 | | | 962 | 0.231 |
| 366 | | | 989/1 | 0.053 |
| 367 | | | 989/2 | 0.049 |
| 368 | | | 988 | 0.405 |
| 369 | | | 963<br>964/2<br>987/7 | 0.188 |
| 370 | | | 987/2 | 0.121 |
| 371 | | | 1000 | 0.142 |
| 372 | | | 987/3 | 0.162 |
| 373 | | | 987/6 | 0.168 |
| 374 | | | 987/5 | 0.012 |
| 375 | | | 1004 | 0.04 |
| 376 | | | 1005 | 0.049 |
| 377 | | | 1006 | 0.049 |
| 378 | | | 1008 | 0.057 |
| 379 | | | 1007 | 0.081 |
| 380 | | | 1009 | 0.02 |
| 381 | | | 1003 | 0.121 |
| 382 | | | 1010/1 | 0.089 |
| 383 | | | 1010/2 | 0.081 |
| 384 | | | 1002 | 0.049 |
| 385 | | | 1001/1 | 0.312 |
| 386 | | | 1001/2 | 0.0242 |
| 387 | | | 1021/1 | 0.121 |
| 388 | | | 1021/2 | 0.312 |
| 389 | | | 1022 | 0.032 |
| 390 | | | 999 | 0.198 |
| 391 | | | 1011 | 0.004 |
| 392 | | | 1020 | 0.332 |
| 393 | | | 1023 | 0.065 |
| 394 | | | 1024 | 0.134 |
| 395 | | | 1025 | 0.131 |
| 396 | | | 1026 | 0.081 |
| 397 | | | 1027 | 0.028 |
| 398 | | | 1028 | 0.032 |
| 399 | | | 1029 | 0.053 |
| 400 | | | 1030 | 0.097 |
| 401 | | | 1053<br>1054 | 0.073 |
| 402 | | | 1055 | 0.101 |
| 403 | | | 1056 | 0.061 |
| 404 | | | 1057 | 0.121 |
| 405 | | | 964/1 | 0.109 |
| 406 | | | 958/5 | 0.012 |
| 407 | | | 1738 | 0.012 |
| 408 | | | 1723 | 0.032 |
| 409 | | | 1719 | 0.162 |
| 410 | | | 1718 | 0.008 |
| 411 | | | 550 | 0.097 |
| 412 | | | 507 | 0.002 |
| 413 | | | 510 | 0.048 |
| 414 | | | 511 | 0.061 |
| 415 | | | 546 | 0.027 |
| 416 | | | 545 | 0.174 |
| 417 | | | 551 | 0.065 |
| 418 | | | 543/1 | 0.041 |
| 419 | | | 594/1 | 0.016 |
| 420 | | | 595<br>596 | 0.024 |
| 421 | | | 534/2 | 0.024 |
| 422 | | | 617/2 | 0.016 |
| 423 | | | 617/1 | 0.02 |
| 424 | | | 630 | 0.004 |
| 425 | | | 648 | 0.004 |
| 426 | | | 654 | 0.024 |

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

नगर पालिक निगम, गांधी भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं.- 0771-2535780, 90 फैक्स- 0771 22273395 Email: dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक/717/स्वा.वि./मु./न.पा.नि./2026 रायपुर, दिनांकः 13/02/2026

**रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) (द्वितीय)**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर मुख्यालय के महिला शौचालयों में स्थापित सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन एवं इंसीनरेटर मशीन के संधारण एवं संचालन कार्य हेतु नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्रांतर्गत NULM (City) प्रबंधन ईकाई, रायपुर क्षेत्र में पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूहों से रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) दिनांक 23.02.2026 को सायं 04:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित किया जाता है।

उक्त हेतु निर्धारित आवेदन पत्र राशि रू.1000/- का डी.डी. आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से जमा कर दिनांक 23.02.2026 तक प्राप्त कर सकता है। आवेदनकर्ता को अपने आवेदन के साथ फर्म/एजेंसी/समूह का जीवित पंजीयन, पैन कॉर्ड, जी.एस.टी., (यदि पंजीकृत है तो) बैंक से टर्नओवर आदि का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा ।

आवेदनकर्त्ता को अपने दरों के साथ रू. 10,000/- का एफ.डी.आर. जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से प्रस्तुत करना होगा। इस कार्य बाबत अन्य जानकारियाँ नियम व शर्तें कार्यालयीन अवधि में स्वास्थ्य अधिकारी, नगर पालिक निगम, रायपुर से प्राप्त की जा सकती है।

**नोटः**-कार्य की सूची व नियम एवं शर्तें संलग्न कर वेबसाईट पर https://nagarnigamraipur.nic.in अपलोड है।
कार्य का अन्य विवरण एवं नियम शर्तें कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखा जा सकता है।

- EOI फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 23.02.2026 अपराह्न 05:00 बजे
- EOI प्रपत्र खोलने की तिथि 24.02.2026 अपराह्न 05:00 बजे

घरों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**स्वास्थ्य अधिकारी**
**नगर पालिक निगम,**
**रायपुर (छ.ग.)**

## Public Works Department
## Office of The Superintanding Engineer, Pwd, Raipur Circle No.-1 Raipur. (C.G.)

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
(2nd Call)

No. 11/Raipur /2025-26 Raipur, Dated. 11.02.2026

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work"

**शासकीय स्टेट हेंगर के उन्नयन के अंतर्गत आंतरिक (साज-सज्जा) परिवर्धन फ्रंट एंव रेयर ऐलिवेशन व लेण्डसकेपिंग कार्य की डिजाईनिंग हेतु आर्किटेक्ट (वास्तुविद् ) नियुक्त** " Request for Proposal" **बाबत ।**

Situated at New Delhi
Probable cost of project Rs. 164.50 Lakh.
Minimum eligibility for participants shall be as below:-

| S. N. | Building project cost | The applicant firms, firms forming Joint venture / consortium shall be | Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Division No.01, Raipur |
|---|---|---|---|
| 1 | For project cost Bitween 01 to 10 Crore | Empanelled as architect in Class "D" & Above Class in C.G. PWD. | Rs. 3,000=00 |

General condition - All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 25.02.2026 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/ from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

G-252606684/2

**Superintanding Engineer**
**Public Works Department,**
**Raipur Circle No.-1 Raipur**

## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्रं. | सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 184790 प्रथम आमंत्रण 02.02.2026 | श्रीपारा से नवागांव मार्ग के कि.मी. 1 से 3/8 2.70 कि.मी. का मजबूतीकरण का निर्माण कार्य। | 322.97 |
| 2 | 184793 प्रथम आमंत्रण 02.02.2026 | जिला गरियाबंद के जटियातोरा-सेंदबहरा मार्ग के बेन्द्रा नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 434.61 |
| 3 | 185207 प्रथम आमंत्रण 06.02.2026 | जिला रायपुर के सिलयारी-मांढर (सिलयारी गेट) लेवल क्रासिंग क्रमांक-405 पर आर.ओ.बी. का निर्माण कार्य। | 3944.57 |
| 4 | 185316 प्रथम आमंत्रण 09.02.2026 | जिला कोण्डागांव के ग्राम कूधूर, मर्दापाल में 100 सीटर छात्रावास भवन निर्माण कार्य (जमा मद अंतर्गत स्वीकृत) । | 257.65 |
| 5 | 185308 द्वितीय आमंत्रण 09.02.2026 | जिला रायपुर के परसदा (तिल्दा) में शासकीय आई.टी.आई. भवन निर्माण कार्य, वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित, शेष कार्य। विधानसभा संभाग रायपुर। | 208.55 |
| 6 | 185312 द्वितीय आमंत्रण 09.02.2026 | जिला जशपुर के पमशाला से सराईटोला पहुंच मार्ग लं. 11.50 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 2273.47 |
| 7 | 185344 प्रथम आमंत्रण 10.02.2026 | जिला रायगढ़ में एकीकृत खेल परिसर में साईट डेव्हलपमेंट का कार्य (सी.सी. रोड पेवर ब्लॉक, यू.जी.टी., एस.टी.पी. गार्ड रूम, कंपाउण्डवॉल, स्टॉर्म वाटर ड्रेन का कार्य।) | 700.15 |
| 8 | 185347 प्रथम आमंत्रण 10.02.2026 | जिला बेमेतरा के मोहगांव बुधवारा मार्ग में सुरही नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 355.09 |
| 9 | 185348 प्रथम आमंत्रण 10.02.2026 | जिला महासमुंद के आमाकोनी चोरभट्टी मार्ग के कि.मी. 23/10 के मोटियारी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 363.48 |
| 10 | 185350 द्वितीय आमंत्रण 10.02.2026 | गौरेला वेंकटनगर मार्ग के कि.मी. 7/2 में सोनाडी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 238.60 |
| 11 | 185351 द्वितीय आमंत्रण 10.02.2026 | ग्राम पंचायत बोडतरा से दाऊकांपा तक नवीन सडक लंबाई 4.425 कि. मी. का निर्माण कार्य। | 498.32 |
| 12 | 185353 द्वितीय आमंत्रण 10.02.2026 | जिला बीजापुर के बीजापुर- आवापल्ली- चितलनार- इंजारम मार्ग के कि.मी. 5/6 मरीवागू नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 416.03 |
| 13 | 185354 द्वितीय आमंत्रण 10.02.2026 | जिला महासमुंद के आमाकोनी- चोरभट्टी मार्ग के कि.मी. 29/4 के फूलढोडगी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 312.21 |
| 14 | 185356 द्वितीय आमंत्रण 10.02.2026 | जिला नारायणपुर के रेमावण्ड से मोड़ेंगा पहुंच मार्ग लंबाई 4.69 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 530.47 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 01 से सं.क्र. 02 दिनांक 25.02.2026, सं.क्र. 03 दिनांक 27.02.2026, सं.क्र. 04 दिनांक 02.03.2026 सं.क्र. 07 से सं.क्र. 09 दिनांक 05.03.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 26.02.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

**मुख्य अभियंता**
**केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ, कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर**

G-252606662/5

# रिलायंस इंडस्ट्रीज को वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका से मिला लाइसेंस

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद के लिए अमेरिका से लाइसेंस मिल गया है। इस अनुमति से देश की सबसे बड़ी निजी रिफाइनिंग कंपनी आरआईएल रियायती दर पर उपलब्ध भारी कच्चे तेल का आयात कर सकेगी।

वेनेजुएला का कच्चा तेल गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस रिफाइनरी की संरचना के अनुकूल है और उसके रिफाइनिंग मार्जिन को बेहतर बना सकता है। मामले से परिचित सूत्रों ने कहा कि जनवरी के अंत में अमेरिका ने कुछ अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को वेनेजुएला से सीधे तेल खरीदने की सामान्य अनुमति दी।



### पीएसयू ने 20 लाख बैरल तेल वेनेजुएला से खरीदा

इस छूट का फायदा इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने भी उठाया है। इन दोनों सरकारी तेल कंपनियों ने कुल मिलाकर 20 लाख बैरल कच्चा तेल वेनेजुएला से खरीदा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस से तेल खरीद रोकने और अमेरिका सहित अन्य स्रोतों से तेल आयात बढ़ाने पर सहमति जताई है।

### तेल की रिफाइनिंग के लिए पुरी तरह सक्षम

इस ग्रेड के तेल की रिफाइनिंग के लिए रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी पूरी तरह सक्षम मानी जाती है। खास बात यह है कि इस तरह के तेल पर आमतौर पर अंतरराष्ट्रीय मानकों की तुलना में छूट मिलती है। इस तेल को डीजल, केरोसिन एवं एलपीजी जैसे उच्च मूल्य वाले पेट्रोलियम उत्पादों में बदला जा सकता है।

### मार्जिन सुधारने में मदद मिलेगी

विश्लेषकों का अनुमान है कि इस सस्ते भारी कच्चे तेल की सीधी खरीद से रिलायंस को रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल दोनों कारोबार में मार्जिन सुधारने में मदद मिलेगी।

# ट्राई 'डू नॉट डिस्टर्ब' ऐप में लाएगा अपील की सुविधा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दूरसंचार विनियामक ट्राई उपभोक्ताओं को 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) ऐप में अपील की सुविधा देने की योजना बना रहा है, ताकि सेवा प्रदाताओं द्वारा शिकायतों का संतोषजनक निपटान न होने पर मामले को उच्च प्राधिकारी के समक्ष उठाया जा सके। ट्राई के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने कहा कि नियामक मार्च में संशोधित 'माईकॉल' ऐप को पेश करेगा जिसके जरिये उपभोक्ता कॉल गुणवत्ता से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकेंगे। लाहोटी ने डीएनडी और 'माईस्पीड' ऐप के संशोधित संस्करण जारी करते हुए कहा कि अनचाही फोन कॉल और एसएमएस की शिकायत के लिए बनाए गए नए डीएनडी ऐप में बहुभाषी विकल्प उपलब्ध होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में डीएनडी ऐप की स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में कम चरणों में शिकायत दर्ज करने, बेहतर वरीयता प्रबंधन और डुअल सिम समर्थन जैसी सुविधाएं जोड़ी गई हैं।

# चांदी पांच प्रतिशत गिरकर 2.55 लाख रुपए पर आई

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मांग में नरमी के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में पांच प्रतिशत तक की गिरावट आई। चांदी 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, चांदी की कीमत 13,500 रुपये यानी 5.03 प्रतिशत टूटकर 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर समेत) रह गई। बृहस्पतिवार को यह 2,68,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर बंद हुई थी। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,400 रुपये यानी 1.5 प्रतिशत टूटकर 1,58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस



- सोना 1.58 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर
- चांदी में 13,500 रुपए की गिरावट

विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''शेयर बाजार में व्यापक बिकवाली के बीच सोने और चांदी में भारी गिरावट आई और शुक्रवार को भी दबाव बना रहा।

निवेशकों ने बहुप्रतीक्षित अमेरिकी उपभोक्ता महंगाई के आंकड़ों के आने से पहले सावधानी का रुख अपनाया।'' चांदी 2.01 डॉलर यानी तीन प्रतिशत बढ़कर 77.30 डॉलर प्रति औंस हो गई, जबकि सोना लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 4,968.40 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

{ cmhokankercg@gmail.com}

क्रमांक / मु.चि.अ./डी.एम.एफ./2026/708 / कांकेर, दिनांक, 12/02/2026

**//विज्ञापन//**

कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं अधिकारी, जिला-उ.ब. कांकेर द्वारा विज्ञापन क्रमांक / मु.चि.अ. / डी.एम.एफ./2026/707, कांकेर, दिनांक 12.02.2026 के द्वारा जिला खनिज न्यास संस्थान (डी. एम.एफ.टी.) मद से जिले के विकासखण्ड - भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, दुर्गुकोंन्दल, कोयलीबेडा के सुदूर अन्दरूनी क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं-सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक/उप- स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा विशेषज्ञ / अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मियों व अन्य रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया जा रहा है। चिकित्सा विशेषज्ञ / चिकित्सा अधिकारी के पदों में छ.ग. प्रदेश के सभी अभ्याथियों को समान अवसर प्राप्त होंगे। केवल तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पदों पर कांकेर जिले के मूल निवासी को प्राथमिकता दिया जावेगा, इच्छुक आवेदक दिनांक 23.02.2026, 24.02.2026, 25.02.2026, 26.02.2026 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक स्थान-कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) सेन चौक में स्वयं उपस्थित होकर पंजीयन करवाकर आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समयावधि पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जाएंगें। मूलप्रमाण पत्रो से सत्यापन उसी दिवस पर उपस्थित होकर कराना अनिवार्य होगा।

कार्यालय द्वारा विज्ञापन से संबंधित समस्त जानकारी जिले के वेबसाईट www.kanker.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

G-252606675/1

## कार्यालय उप वनमण्डलाधिकारी, बालोद उप वनमण्डल (जिला- बालोद)

**// सागोन काष्ठ को शासन की सम्पत्ति घोषित किए जाने की सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, वन परिक्षेत्र बालोद अंतर्गत ग्राम मुल्ले में दिनांक 16.01.2026 को बीट भ्रमण के दौरान वन कर्मचारियों को राष्ट्रीयकृत वनोपज सागोन लट्ठा 21 नग= 2.327 घ.मी. काष्ठ टावरी फॉर्म हाऊस के पास डुबान में पानी भरे क्षेत्र में पाया गया, जिसका वन अपराध प्रकरण क्रमांक 57/04 दिनांक 16.01.2026 पंजीबद्ध किया गया है ।

उक्त काष्ठ छ.ग. ईमारती लकड़ी (बहती हुई, किनारे अटकी हुई, बिना स्वामी की) नियम, 1986 के नियम 3 अनुसार पाए जाने पर राज्य शासन की सम्पत्ति घोषित किए जाने के संबंध में कार्यवाही अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में विचाराधीन है। सागोन काष्ठ मालिक/ हितबद्ध व्यक्ति को इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय उप वनमण्डलाधिकारी, उप वनमण्डल बालोद (काष्ठागार परिसर बालोद) में कार्यालयीन समय में सागोन काष्ठ के संबंध में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत करें, समयावधि समाप्त होने के पश्चात एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये सागोन काष्ठ को शासन की सम्पत्ति घोषित की जावेगी ।

**दिनांक 12.02.2026**

**उप वनमण्डलाधिकारी, बालोद उप वनमण्डल, बालोद**

G- 252606658/3

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिग्मेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

## दोनों टीमों का 7 साल बाद हुआ आमना-सामना

# जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 19 साल बाद हराया, बेनेट ने खेली अर्धशतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| कोलंबो




टी20 वर्ल्ड कप में शुक्रवार को बड़ा उलटफेर हुआ। कोलंबो में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हरा दिया। जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 19 साल बाद टी20 में हराया। इससे पहले 2007 टी20 वर्ल्ड कप में केपटाउन में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था।

दोनों टीमों का क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारुप में 7 साल बाद आमना-सामना हुआ। इससे पहले हरारे में 2018 में खेले दो मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे को हराया था। कुल 4 बार दोनों टीमों का मुकाबला हुआ है और दोनों को दो-दो जीत मिली है। कोलंबो में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जिम्बाब्वे ने ब्रायन बेनेट के नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर 2 विकेट पर 169 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया 19.2 ओवर में 146 रन पर आउट हो गई।

### यह अविश्वसनीय है : रजा

जिम्बाब्वे के कार्यवाहक कप्तान सिकंदर रजा ने आस्ट्रेलिया पर जीत को 'अविश्वसनीय' करार देते हुए कहा कि टीम की एकजुटता, माहौल और संस्कृति ने इसे संभव कर दिखाया। रजा ने कहा,' बहुत खुश हूं और गौरवान्वित भी। बड़े भाई की तरह महसूस कर रहा हूं, जिसके छोटे भाई मिलकर इतना कुछ हासिल कर रहे हैं।' उन्होंने कहा ,' बाहर से देखकर बहुत अच्छा लगा कि टीम ने कैसे जीत हासिल की।

### हम दबाव से उबर नहीं सके : हेड

आस्ट्रेलियाई कप्तान हेड ने कहा, शुरुआत में हमें लगा था कि यह एक बेहतरीन विकेट है। हमने सोचा था कि यह दोनों पारियों में एक जैसा रहेगा। लेकिन बाद में यह मुश्किल हो गया और हमने लगातार अंतराल पर जल्दी-जल्दी विकेट गंवाए, जिसके चलते हम पर दबाव आ गया। हम उस दबाव से उबर नहीं सके और फिर मैच में पीछे होते चले गए।

### जिम्बाब्वे ने 3 बार किया उलटफेर

यह क्रिकेट इतिहास में पांचवां ऐसा मौका है, जब जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध जीत दर्ज की। इस टीम ने अब तक दो बार टी20 फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी है, जबकि 3 मौकों पर वनडे फॉर्मेट में उसे हराया है। जिम्बाब्वे ने तीसरी बार वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी है।

**वनडे वर्ल्ड कप 1983 :** नॉटिंघम में 9 जून को खेले गए मुकाबले में जिम्बाब्वे ने 6 विकेट खोकर 239 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 60 ओवरों में 7 विकेट खोकर 226 रन ही जुटा सकी, जिसके साथ जिम्बाब्वे ने 13 रन के करीबी अंतर से मैच जीत लिया।

**टी20 वर्ल्ड कप 2007 :** केपटाउन में 12 सितंबर को खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर सिर्फ 138 रन ही बना सकी। इसके जवाब में जिम्बाब्वे ने 19.5 ओवरों में 5 विकेट शेष रहते मुकाबला जीत लिया।

**टी20 वर्ल्ड कप 2026 :** जिम्बाब्वे ने कोलंबो में 13 फरवरी को खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 23 रन से जीत दर्ज की। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 19.3 ओवरों में 146 रन पर सिमट गई।

### जिम्बाब्वे के नाम अनोखा रिकॉर्ड दर्ज

जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराया। इस जीत के साथ ही जिम्बाब्वे ने इतिहास रच दिया है। जिम्बाब्वे टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100 परसेंट जीत का रिकॉर्ड बनाए रखने वाली अकेली टीम बनी हुई है। उसने केप टाउन में पहले 2007 टी20 वर्ल्ड कप में उन्हें 5 विकेट से हराया था।

# यूएई ने टी-20 विश्व कप में दर्ज की पहली जीत, कनाडा को पांच विकेट से हराया




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूएई ने कनाडा के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 20वें मुकाबले को 5 विकेट से जीता। यूएई की इस टूर्नामेंट में पहली जीत है। जीत के साथ यूएई ग्रुप-डी की प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी कनाडा की टीम ने 7 विकेट खोकर 150 रन बनाए। इस टीम ने 38 के स्कोर तक अपने 3 विकेट खो दिए थे। हर्ष ठाकर ने नवनीत धालीवाल के साथ 58 रन की साझेदारी की। नवनीत 34 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद हर्ष ने श्रेयस मोव्वा के साथ 33 रन जोड़ते हुए टीम को 129 के स्कोर तक पहुंचाया। श्रेयस 21 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि हर्ष ने 50 रन की पारी खेली। कप्तान दिलप्रीत बाजवा ने 11 रन बनाया। विपक्षी खेमे से जुनैद सिद्दीकी ने 4 ओवरों में 35 रन देकर 5 विकेट हासिल किए, जबकि मुहम्मद जवादुल्लाह ने 1 विकेट निकाला।

### यूएई ने 19.4 ओवरों में हासिल किया लक्ष्य

इसके जवाब में यूएई की टीम ने 19.4 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। इस टीम ने 12 के स्कोर पर कप्तान मुहम्मद वसीम (4) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद आर्यांश शर्मा ने अलीशान शराफू (5) के साथ दूसरे विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी की। यह टीम 66 के स्कोर तक अपने 4 विकेट गंवा चुकी थी, जहां से आर्यांश ने शोएब खान के साथ पांचवें विकेट के लिए 84 रन जोड़ते हुए टीम को 150 के स्कोर तक पहुंचाया। आर्यांश 74 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शोएब खान ने 51 रन की पारी खेली। विपक्षी खेमे से साद बिन जफर ने 14 रन देकर 3 विकेट निकाले, जबकि कलीम और जसरकरण सिंह को 1-1 सफलता हाथ लगी।

# राजस्थान रॉयल्स के नए कप्तान बने रियान पराग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने आईपीएल 2026 के लिए रियान पराग को अपना नया कप्तान बनाया है। यह घोषणा पूर्व कप्तान संजू सैमसन के ऑक्शन से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में ट्रेड होने के बाद हुई है, जिसके साथ उनके चार सीजन के कार्यकाल का अंत हो गया। साल 2008 से अब तक कुल 7 कप्तानों ने राजस्थान रॉयल्स को लीड किया है। एक खिताब जीतने के बाद इस फ्रेंचाइजी ने छह बार नॉकआउट में प्रवेश किया है। दिलचस्प बात यह है कि टूर्नामेंट के इतिहास में सिर्फ ऑस्ट्रेलियाई और भारतीयों ने ही इस टीम की कमान संभाली है। रियान पराग लीडरशिप रोल से वाकिफ हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में बतौर स्टैंड-इन कैप्टन अपना रोल निभाया है। जब पराग ने 23 मार्च 2025 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम को लीड किया, तो वह राजस्थान रॉयल्स के इतिहास में सबसे युवा कप्तान और आईपीएल में कुल मिलाकर पांचवें सबसे युवा कप्तान बने थे।

# अमेरिका ने खोला जीत का खाता, नीदरलैंड को 93 रन से दी मात

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

### साईतेजा ने जड़ा अर्धशतक, हरमीत ने चटकाए 4 विकेट




अमेरिका ने साईतेजा मुक्कमल्ला (79 रन) के अर्धशतक और बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह (21 रन देकर चार विकेट) के चार विकेट की मदद से शुक्रवार को टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में नीदरलैंड को 93 रन से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। अमेरिका की यह नीदरलैंड पर टी20 अंतरराष्ट्रीय में पहली जीत है। मुक्कमल्ला और अंत में शुभम रंजने की नाबाद 48 रन की पारी से अमेरिका ने छह विकेट पर 196 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मुक्कमल्ला की 51 गेंद की पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े थे। हरमीत के चार ओवर में चार विकेट और शाडली वान शाल्कविक के 2.5 ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट झटकने से अमेरिका ने नीदरलैंड को 15.5 ओवर में महज 103 रन पर समेट दिया। नीदरलैंड का कोई भी बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सका। उसके लिए बास डि लीडे 23 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा कप्तान स्कॉट एड्वर्ड्स ने 20 रन का योगदान दिया।




*Terms and Conditions applied *Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of the standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा - 9785823333, ग्रैंड होंडा - 0771-4033794, वरूण होंडा - 0771-4005901, जी.के. होंडा - 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा - 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788-4013336, 9584378238, जुनवानी रोड (फरीद नगर मैदान के सामने) - 6269092899, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) - 6269090005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, कोहका (रूंगटा रोड) 6269090004, नेहरू नगर (नेहरू नगर चौक) 8518020999, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा (स्टेशन रोड) - 0788-4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) - 0788-4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) - 0788-4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा - 07744-223100, मनराज होंडा - 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा - 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा - 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)- 9425564232, बलौदा बाजार: किरण होंडा - 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा- 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा - 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा- 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा - 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा- 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा - 9644059600, 8720008800, 7970005301 For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com Embassy

# दुनिया की सबसे खतरनाक झील! जिसके पानी का रंग है खून जैसा लाल



**लंदन।** दुनिया में एक इतनी खतरनाक झील है कि उसके भीतर जाने पर इंसान और जानवर पत्थर बन सकते हैं। आइए आज हम आपके इस झील के बारे में कुछ रोचक बातें बताते हैं। दुनियाभर में कई ऐसी झील और नदियां हैं, जिन्हें खतरनाक माना जाता है। एक ऐसी ही झील है, जिसके बारे में जानकर आपके रोंगटे खड़े हैं। साल 2013 में इस झील की डरा देने वाली तस्वीरें सामने आई थीं। इस झील का नाम नैट्रॉन है। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर निक ब्रांट ने इस झील की तस्वीरें ली थीं। इन तस्वीरों में जानवरों की जम चुकीं लाशें थीं। इस झील के पानी के कारण जानवर पत्थर में बदल गए थे। इन दर्दनाक तस्वीरों को देखने के बाद दुनियाभर के लोग हैरान हो गए थे।

## इंसान और जानवर पानी में बन सकते हैं पत्थर



### खूबसूरत झील का नाम है नैट्रॉन झील

इस खतरनाक और खूबसूरत झील का नाम नैट्रॉन झील है जो तंजानिया में स्थित हैं। अरुशा क्षेत्र के उत्तरी नागोरोंगोरो जिले में स्थित नैट्रॉन झील को नमक का झील या क्षारीय झील कहा जाता है। माना जाता है कि यह झील बेहद खतरनाक है। बताया जाता है कि इस झील के संपर्क में आने वाला जीव पत्थर बन जाता है। दरअसल, नैट्रॉन झील वन्यजीवों का घर माना जाता है। इस झील के पानी में पीएच की मात्रा लगभग 12 है। यह घरेलू ब्लीच के बराबर होता है। इस झील के पानी में शिकारी जीव अधिक समय तक जिंदा नहीं रह सकते हैं। ओल डोइन्यो लेंगाई ज्वालामुखी की वजह से इस झील का पानी खारा है। यह ज्वालामुखी दुनिया की पहली ऐसी झील है जिससे अजीब लावा यानी नैट्रोकार्बोनाटाइट बाहर आता है।

### बेहद खतरनाक कहा जाता है झील को

फ्लेमिंगो (राजहंस) पर त्वचा सख्त और पपड़ीदार होने की वजह से पानी का प्रभाव नहीं पड़ता है। लेकिन, इंसान की त्वचा नरम होती है। कभी 60 डिग्री सेल्सियस तक इस झील का पानी गर्म हो जाता है। यह नमक की झील आपको पत्थर तो नहीं बना पाती है, लेकिन त्वचा पर ऐसा कोई घाव हो जाए, जिसके बारे में आप सोच भी नहीं सकते हैं। इस झील के पानी में इंसान जितनी देर तक रुकता है और उतना ही जलता है। लेकिन, बारिश के मौसम में पानी में पीएच की मात्रा बदलती रहती है। परिस्थितियां अगर खराब हुईं तो इंसान बुरी तरह जल सकता है। इसलिए, इस झील को बेहद खतरनाक कहा जाता है।

**वैज्ञानिकों ने दी बड़ी चेतावनी**

# पैरों तले खिसक रही है जमीन! घड़ी की तरह घूम रहा है स्पेन और पुर्तगाल

**मैड्रिड।** वैज्ञानिकों का कहना है कि स्पेन और पुर्तगाल जिस जमीन पर बसे हैं। वह बहुत धीरे-धीरे घूम रही है। यह बदलाव अफ्रीका और यूरोप की टेक्टोनिक प्लेटों की टक्कर की वजह से हो रहा है। यह गति इतनी धीमी है कि आम लोगों को महसूस नहीं होती ,लेकिन इससे भूकंप को समझने का तरीका बदल सकता है। नई रिसर्च के मुताबिक इबेरियन प्रायद्वीप जिसमें स्पेन और पुर्तगाल शामिल हैं सिर्फ उत्तर की ओर नहीं खिसक रहा बल्कि घड़ी की दिशा में हल्का सा घूम भी रहा है। यह घुमाव हर साल कुछ मिलीमीटर की रफ्तार से हो रहा है। वैज्ञानिकों ने जीपीएस और भूकंपीय आंकड़ों की मदद से इस बदलाव को समझा है।

### घूम रही हैं प्लेटें

अब तक किताबों में पढ़ाया जाता रहा है कि धरती की प्लेटें एक-दूसरे के साथ सीधी रेखा में खिसकती हैं। पश्चिमी भूमध्यसागर का इलाका अलग तरह से व्यवहार कर रहा है। जर्नल गोंडवाना रिसर्च में छपी एक स्टडी के अनुसार स्पेन और पुर्तगाल मिलकर बना इबेरियन ब्लॉक सिर्फ यूरोशियन प्लेट के साथ उत्तर की ओर नहीं बढ़ रहा बल्कि धीरे-धीरे घड़ी की दिशा में घूम रहा है। अफ्रीकी और यूरोशियन प्लेट हर साल करीब 4 से 6 मिलीमीटर की रफ्तार से एक-दूसरे की तरफ बढ़ रही हैं। यही दबाव इबेरियन क्षेत्र में सीधा धक्का देने के बजाय हल्का घुमाव पैदा कर रहा है।



### यह इलाका अलग क्यों


दुनिया के कई हिस्सों में प्लेटों की सीमा साफ दिखाई देती है। कहीं एक प्लेट दूसरी के नीचे जाती है तो कहीं दोनों प्लेटें एक-दूसरे के साथ सरकती हैं। हालांकि, स्पेन के दक्षिण और जिब्राल्टर के पास यह सीमा साफ नहीं है। यहां दबाव बड़े इलाके में फैला हुआ है। बता दें, वैज्ञानिक आसियर मादारिएता और उनकी टीम का कहना है कि दक्षिणी स्पेन के आसपास चट्टानों में कई छोटी दरारें और संरचनाएं हैं जो अलग-अलग दिशाओं में दबाव झेल रही हैं। इसे ऐसे समझा जा सकता है जैसे किसी किताब को कोने से दबाया जाए तो वह सीधी आगे बढ़ने के बजाय मुड़ने लग जाती है।

### जिब्राल्टर और अलबोरान क्षेत्र की भूमिका

दक्षिणी स्पेन और उत्तरी मोरक्को के बीच अलबोरान सागर का इलाका अहम भूमिका निभा रहा है। यहां की धरती पश्चिम की ओर धकेली जा रही है। इसी दबाव ने स्पेन की बेटिक पर्वतमाला और मोरक्को की रिफ पहाड़ियों को उठाया जिसे जिब्राल्टर आर्क कहा जाता है। दक्षिण-पश्चिम जिब्राल्टर के पास अफ्रीकी प्लेट का दबाव ज्यादा सीधा है।

### वैज्ञानिकों ने कैसे पकड़ा बदलाव

यह बदलाव इतना धीमा है कि लिस्बन या सेविया में खड़े लोगों को कुछ महसूस नहीं होगा। इसे समझने के लिए वैज्ञानिकों ने स्थायी जीपीएस स्टेशनों से कई साल का डेटा इक्ट्ठा किया। साथ ही छोटे-बड़े भूकंपों के रिकॉर्ड भी देखे गए। दोनों आंकड़ों को मिलाकर पाया गया कि जमीन के अलग-अलग हिस्सों में खिंचाव, दबाव और सरकाव हो रहा है।



### भूकंप पर क्या असर पड़ेगा

स्पेन और पुर्तगाल बहुत ज्यादा भूकंप वाले देश नहीं हैं, लेकिन 1755 का लिस्बन भूकंप याद दिलाता है कि यहां बड़ा झटका आ सकता है। नई स्टडी से उन इलाकों को समझने में मदद मिलेगी जहां सतह पर बड़ी दरारें नहीं दिखतीं है, फिर भी खतरा हो सकता है। दक्षिणी पुर्तगाल, कैडिज की खाड़ी और दक्षिणी स्पेन ऐसे इलाके हैं जहां दबाव और घुमाव दोनों काम कर रहे हैं। आने वाले समय में इसी आधार पर इमारतों और पुलों के डिजाइन में बदलाव किया जा सकता है।

**वैज्ञानिकों ने 3डी तकनीक से तैयार किया चेहरा**

# इथियोपिया में मिली 15 लाख साल पुरानी इंसानी खोपड़ी

**अदीस अबाबा।** वैज्ञानिकों ने इथियोपिया में मिली 15 लाख साल पुरानी एक खोपड़ी का कंप्यूटर ने नया चेहरा बनाया है। यह खोपड़ी होमो इरेक्टस की है और इस चेहरे से पता चलता है कि शुरुआती इंसान कैसे दिखते थे। वैज्ञानिकों की एक टीम ने इथियोपिया में मिली 15 लाख साल पुरानी एक खोपड़ी के जीवाश्म की मदद से इंसानों के पूर्वजों के बारे में नई जानकारी दी है। इस खोपड़ी को डीएएन5 नाम दिया गया है। डॉ. करेन बाब और उनके साथियों ने कंप्यूटर की मदद से इस खोपड़ी का चेहरा फिर से बनाया है। यह अफ्रीका में मिली अब तक की सबसे सुरक्षित और पूरी खोपड़ी है। इसे देखकर पता चला है कि शुरुआती इंसान एक-दूसरे से कितने अलग थे। इस खोज ने वैज्ञानिकों की पुरानी सोच को बदल दिया है कि इंसान धीरे-धीरे कैसे विकसित हुए।



### छोटे दिमाग वाले अनोखे पूर्वज

यह खोपड़ी काफी अलग है, क्योंकि इसका दिमाग छोटा था और चेहरा बहुत पुराना दिखता था। डॉ. बॉब ने बताया कि हमें पहले ही पता था कि इसका दिमाग छोटा है, लेकिन अब चेहरा बनाने के बाद पता चला है कि यह अपनी ही प्रजाति के दूसरे लोगों से भी बहुत अलग और पुराना दिखता था।

### कैसी ही चेहरे की बनावट?

वैज्ञानिकों का मानना है कि शायद इथियोपिया के इस इलाके में रहने वाले पूर्वजों ने अपना पुराना रूप ही बरकरार रखा था, जबकि बाकी दुनिया में इंसान बदल रहे थे। इस चेहरे की नाक चपटी थी और इसके दाढ़ के दांत बहुत ही बड़े थे।

### किस तकनीक का हुआ इस्तेमाल?

नेचर कम्यूनिकेशंस में छपी यह रिपोर्ट बताती है कि इंसान कैसे विकसित हुए। वैज्ञानिकों ने माइक्रो-सीटी स्कैनिंग और 3डी तकनीक का इस्तेमाल करके खोपड़ी के बिखरे हुए टुकड़ों को एक साथ जोड़ा है। खोज करने वाली टीम को चेहरे के 4 हिस्से और दांत मिले थे। उन्होंने लगभग 1 साल की मेहनत के बाद इन टुकड़ों को दिमाग वाली हड्डी के साथ जोड़कर पूरी खोपड़ी तैयार की।

# 1 किलो चावल की कीमत में आ जाएगा स्मार्टफोन!

**टोक्यो।** भारत में चावल हर घर की रसोई का अहम हिस्सा है। यहां चावल की हजारों किस्में उगाई जाती हैं और अलग-अलग तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं। आमतौर पर भारत में चावल की कीमत 100 से 300 रुपए प्रति किलो के बीच होती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि दुनिया में एक ऐसा चावल भी है, जिसकी कीमत इतनी ज्यादा है कि उतने पैसों में एक अच्छा स्मार्टफोन खरीदा जा सकता है?

**पांच बेहतरीन किस्मों का मिश्रण_** यह चावल जापान की टोयो राइस कॉर्पोरेशन द्वारा तैयार किया जाता है। इसकी खास बात यह है कि यह किसी एक किस्म का नहीं, बल्कि पांच प्रीमियम चावल की किस्मों का मिश्रण होता है। इसमें कोशीहिकारी और पिकामारू जैसे अवॉर्ड जीत चुके चावलों को शामिल किया जाता है। इन चावलों के बीज जापान के बेहतरीन क्षेत्रों जैसे गुन्मा, नागानो और निगाटा से चुने जाते हैं।

### गिनीज रिकॉर्ड में दर्ज है नाम

जापान का किन्मेमई प्रीमियम चावल दुनिया का सबसे महंगा चावल माना जाता है। साल 2016 में इसका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया था। इस चावल के 840 ग्राम के एक बॉक्स की कीमत करीब 10,800 जापानी येन यानी लगभग 6 से 7 हजार रुपए होती है। अलग-अलग बाजारों में इसकी कीमत आज 12,500 से 15,000 रुपये प्रति किलो तक पहुंच जाती है।

# रिश्ते टूटने से पहले मधुबनी में यहां लगाओ 3 चक्कर!

**मधुबनी।** बिहार में मधुबनी जिले के मंगरौनी में आम और महुआ का एक जुड़वा पेड़ है। यहां प्रेमी जोड़े या शादीशुदा के रिश्तों, जिसमें अनबन होती है तो यहां 3 बार पेड़ के परिक्रमा करने से रिश्ते ठीक हो जाते हैं। यहां की ऐसी मान्यता है कि लोग इस परंपरा को आज भी मानते चले आ रहे हैं। वहीं, यहां के पुजारी बताते हैं कि वकील, जज के पास भी तलाक और रिश्तों में खटास वाले लोग आते हैं तो वह भी यहां चक्कर लगाने की सलाह देते हैं।

**जानें क्या है मान्यताएं।** मधुबनी जिला स्थित मंगरौनी गांव में एकादश रुद्र है। उसी परिसर के आगे जुड़वा पेड़ है। जहां की मान्यता भी बड़ी गजब है। इसे लोग हैरान करने वाली मान्यता भी कहते हैं। बता दें कि यह जुड़वा पेड़ 80 सालों से अधिक समय का है। आम और महुआ की जड़ और तना भी आपस में जुड़े हुए हैं। जहां हर मिथिलांचल और दूरदराज के लोग आकर तीन चक्कर लगाते हैं।

### यहां आने से मामले सुलझ गए

यहां की सबसे अनोखी बात तो यह है कि पति-पत्नी में तलाक या रिश्तों में अनबन को लेकर जो मामले कोर्ट में जाते हैं। वहां भी जानकारी के अनुसार मंगरौनी में जाने के लिए जज और वकील सलाह देते हैं कि दोनों एकबार यहां जाएं। ताकि रिश्तों में प्रेम होने की जो भी गुंजाइश बची है, वो सफल हो। हालांकि, ऐसे कई केस हैं जो फैमिली कोर्ट में आए और यहां आने से मामले सुलझ गए।





**वैज्ञानिकों की चेतावनी ने उड़ाए होश!**

# प्रशांत महासागर के कूड़ेदान में बस गई है एक गुप्त दुनिया

**न्यूयार्क।** सालों से हम सुनते आ रहे हैं कि प्लास्टिक समुद्र को बर्बाद कर रहा है। छोटे-छोटे माइक्रोप्लास्टिक से लेकर बड़े टुकड़े तक, सब समुद्री जीवों के लिए खतरा हैं। मछलियां, कछुए और पक्षी तक इसे गलती से खा लेते हैं। इसलिए समुद्र की सफाई को जरूरी कदम माना जाता है। लेकिन, अब कुछ वैज्ञानिक एक अलग राय दे रहे हैं। उनका कहना है कि हमें पूरी तरह सफाई शुरू करने से पहले और रिसर्च करनी चाहिए, क्योंकि हो सकता है कि इस प्लास्टिक पर कुछ खास जीव बस गए हों।

### नई सोच क्यों आई सामने

समुद्री जीव विज्ञानी रेबेका हेल्म जो इस समय जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में काम कर रही हैं इस नई सोच को सामने ला रही हैं। उनका कहना है कि समुद्र की सतह पर रहने वाले कुछ छोटे जीव, जिन्हें मिलकर न्यूस्टन कहा जाता है अब तैरते प्लास्टिक



को अपना ठिकाना बना चुके हैं। यह कोई अचानक आई सोच नहीं है। हाल की कुछ स्टडी में देखा गया है कि ये छोटे जीव प्लास्टिक के टुकड़ों पर टिके रहते हैं। वहीं अपना जीवन चलाते हैं। फ्रांस की वेबसाइट साइंसपोस्ट ने इन निष्कर्षों को लोगों तक पहुंचाया। न्यूस्टन वे जीव हैं जो समुद्र की बिल्कुल ऊपरी सतह पर रहते हैं। इनमें कुछ शैवाल, बैक्टीरिया और बहुत छोटे जानवर शामिल हैं।










हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com